


सांध्य दैनिक
RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 15 अंक - 293 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, सोमवार 5 अगस्त 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास-खबर

### दिल्ली कोचिंग सेंटर हादसे का सुप्रीम कोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान, केंद्र व दिल्ली सरकार को नोटिस जारी

**नईदिल्ली।** दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर में कोचिंग सेंटर में यूपीएससी की तैयारी कर रहे तीन स्टूडेंट्स की मौत के मामले का सुप्रीम कोर्ट ने स्वत: संज्ञान लिया है। कोर्ट ने इस मामले में केंद्र और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया है।

गौरतलब है कि दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर में 27 जुलाई को एक बड़ा हादसा हुआ था। यहां प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने वाली राव एकेडेमी के बेसमेंट में पानी में डूबकर तीन बच्चों की मौत हो गई। राष्ट्रीय राजधानी में 27 जुलाई की शाम अचानक हुई बारिश के कारण लाइब्रेरी में पानी भर गया था। मृतकों दो छात्र और एक छात्रा शामिल थे। तीनों यूपीएससी की तैयारी कर रहे थे। मृतकों की पहचान तेलंगाना निवासी तान्या सोनी, केरल निवासी नेविन डाल्विन और यूपी निवासी श्रेया यादव के रूप में हुई।

#### ड्रेनेज सिस्टम ब्लॉक था इसलिए भरा पानी


29 जुलाई को दिल्ली के मुख्य सचिव ने दिल्ली सरकार को अपनी रिपोर्ट को सौंपी। इस रिपोर्ट में बताया गया कि राजेंद्र नगर स्थित राव कोचिंग संस्थान ने ड्रेनेज सिस्टम को पूरी तरह से ब्लॉक कर दिया था। साथ ही संस्थान में बचाव की कोई व्यवस्था नहीं थी। इस रिपोर्ट में कई सवाल उठाए गए हैं। एमसीडी की रिपोर्ट में कहा कि जिस प्रॉपर्टी में कोचिंग सेंटर चल रहा था, उसकी पार्किंग की ऊंचाई आसपास की प्रॉपर्टी के मुकाबले कम था। इलाके की अन्य इमारतों में भारी जलभराव की स्थिति में बारिश के पानी को पार्किंग एरिया और बेसमेंट में जाने से रोकने के लिए बैरियर वॉल लगाई गई थी। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि कोचिंग सेंटर बिल्डिंग के सुरक्षा कर्मचारियों ने कोई निगरानी नहीं रखी, जिसके चलते पानी बिना रुके पार्किंग एरिया को पार कर बेसमेंट में घुस गया।

# सीएम साय का दिखा अलग रूप

## कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा, मंदिर में रूद्राभिषेक, प्रसाद भी बांटा

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का सोमवार को एक अलग ही रूप देखने को मिला। सावन के तीसरे सोमवार पर उन्होंने भोरमदेव में शिव भक्तों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की। बाद में भोरमदेव मंदिर में भगवान शिव की पूजा अर्चना कर रूद्राभिषेक किया और मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को अपने हाथों से प्रसाद भी वितरित किया। कांवड़ियों व श्रद्धालुओं के लिए यह एक ऐतिहासिक पल रहा। पहली बार राज्य के मुख्यमंत्री ने कांवड़ियों पर स्वयं पुष्पवर्षा कर उनका उत्साहवर्द्धन किया। यह आयोजन छत्तीसगढ़ की धार्मिक परंपराओं और संस्कृति को और भी सशक्त बनाएगा।





सावन सोमवार के अवसर पर आज हजारों की संख्या में शिवभक्त, श्रद्धालु व कांवड़िए भोरमदेव स्थित ऐतिहासिक शिव मंदिर में पहुंचे। सैकड़ों किलोमीटर की पैदल यात्रा कर भगवान शिव का जलाभिषेक करने आए कांवड़ियों पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हेलीकाप्टर से स्वयं पुष्पवर्षा की। इस दौरान उपमुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा भी उनके साथ थे। भोरमदेव में कावडियों और श्रद्धालुओं के बोल बम, हर-हर महादेव के नारों से भगवान शिव का दरबार गूंज रहा। भोरमदेव मंदिर स्थल और मार्गों पर भगवा वस्त्रों में रंगे कांवरियों के जत्थे मनमोहक दृश्य प्रस्तुत करते रहे। गौरतलब है कि कवर्धा से 18 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम चौरा में 11वी शताब्दी का प्राचीन, ऐतिहासिक और पुरातत्व महत्व का स्थल बाबा भोरमदेव का मंदिर है। इस मंदिर में भगवान शिव विराजित है। शिव देवों के देव महादेव के शिवलिंग में जलाभिषेक की परम्परा सदियों चली आ रही है। हर वर्ष श्रावण माह में कांवरियों द्वारा पदयात्रा कर शिव मंदिरों में जल चढ़ाया जाता है, जिसे कांवड़ यात्रा कहा जाता है। सावन के इस पवित्र माह में कबीरधाम, पड़ोसी जिला मुंगेली, बेमेतरा, खैरागढ़, राजनांदगांव सहित मध्यप्रदेश के अमरकंटक से कावड़िया पदयात्रा कर छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक, पुरातात्विक, धार्मिक एवं पर्यटन महत्व स्थल कबीरधाम जिले बाबा भोरमदेव मंदिर, बूढ़ा महादेव मंदिर और डोंगरिया के प्राचीन जालेश्वर शिवलिंग में जलाभिषेक करने हजारों की संख्या में आते है। पवित्र सावन माह में शिवभक्तों द्वारा अमरकंटक से भोरमदेव मंदिर तक की 150 किलोमीटर की कांवड़ यात्रा कर जलाभिषेक किया जाता है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए सावन के तीसरे सोमवार को आज कांवड़ियों के जत्थे भोरमदेव मंदिर में पहुंचे।

### प्रदेश की समृद्धि व खुशहाली का लिया आशीर्वाद

शिवभक्त कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा पश्चात मुख्यमंत्री श्री साय का हेलीकाप्टर पीजी कॉलेज स्थित हेलीपेड में पहुंचा, जहां जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। यहां से उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के साथ सीएम साय भोरमदेव स्थित बाबा भोरमदेव और बूढ़ा महादेव में दर्शन व अभिषेक करने पहुंचे। भोरमदेव बाबा भगवान शिवजी का दर्शन कर मुख्यमंत्री ने मंत्रोच्चार के साथ विशेष पूजा-अर्चना और रूद्राभिषेक किया तथा प्रदेश की समृद्धि व खुशहाली की कामना कर आशीर्वाद लिया।

### भोरमदेव में नई उमंग का हुआ संचार- साय

सीएम साय ने सोशल मीडिया एक्स के जरिए अपनी भावनाओं का भी इजहार किया। उन्होंने कहा कि आज कबीरधाम के भोरमदेव मंदिर में महादेव के दर्शन-पूजन का परम सौभाग्य प्राप्त हुआ। बाबा भोरमदेव से समस्त प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री श्री साय ने लिखा कि पवित्र, धार्मिक और ऐतिहासिक स्थल भोरमदेव मंदिर के दर्शन से शरीर में एक नए उमंग का संचार हुआ। इस दौरान कांवड़ियों का स्वागत, अभिनंदन कर उनको प्रसादी का वितरण किया व सबको श्रावण मास के तृतीय सोमवार की शुभकामनाएं दी।

### शिवभक्तों को दी शुभकामनाएं

पूजा-अर्चना व रूद्राभिषेक पश्चात मुख्यमंत्री श्री साय ने मंदिर परिसर में हजारों की संख्या में मौजूद शिवभक्तों को सम्बोधित भी किया। उन्होंने कहा कि यह बड़े सौभाग्य की बात है कि सावन के तीसरे सोमवार को भोरमदेव में भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने का सौभाग्य मिला। यहां पहुंचकर हमने भगवान भोलेनाथ से प्रदेश के सभी लोगों की सुख, शांति व समृद्धि की कामना की है। हेलीकॉप्टर से भोरमदेव मंदिर में पुष्पवर्षा भी की है। उन्होंने सावन मास के लिए सभी भक्तजनों को शुभकामनाएं दी। बाद में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मंदिर परिसर में ही कांवड़ियों और श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया। प्रसादी के रूप में भक्तों को चांवल, दाल एवं सब्जी का वितरण किया गया।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ भोरमदेव मंदिर में पूजा अर्चना की।

# रानीदहरा वॉटरफॉल में डूबने से डिप्टी सीएम अरुण साव के भांजे की मौत, दोस्तों के साथ गया था घूमने

## रविवार शाम की घटना, सोमवार की सुबह मिली लाश, सीएम साय ने दी श्रद्धांजलि

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कबीरधाम।** छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले अंतर्गत बोड़ला थाना क्षेत्र के रानीदहरा जलप्रपात में डूबने से डिप्टी सीएम अरूण साव का भांजे तुषार साहू की मौत हो गई है। रविवार को वह दोस्तों के साथ घूमने पहुंचा था ओर बारिश में तेज बहाव के कारण लापता हो गया था। दुर्ग से एसडीआरएफ की टीम रेस्क्यू के लिए पहुंची लेकिन रात ज्यादा होने के कारण उसका रेस्क्यू नहीं हो पाया। सोमवार की सुबह एसडीआरएफ की टीम ने शव को बाहर निकाला।

मिली जानकारी के अनुसार डिप्टी सीएम अरूण साव का भांजा बेमेतरा निवासी तुषार साहू दोस्तों के साथ चिल्फी- सरोदा दादर से लौटकर रानीदहरा घूमने गया था। शाम साढ़े पांच बजे वॉटर फाल में नहाने के दौरान वह लापता हो गया। जलप्रपात में पानी ज्यादा होने और लगातार बारिश के कारण टीम रेस्क्यू नहीं कर पा रही थी। सोमवार की सुबह सात बजे शव को जलप्रपात से बाहर निकाला गया। इसके बाद शव को पीएम के लिए बोड़ला के सरकारी अस्पताल में भेजा जा रहा है। इस मामले में बोड़ला थाना पुलिस जांच कर रही है।

इस रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए एसडीआरएफ दुर्ग की टीम को बुलाई गई थी। जिला दुर्ग कंट्रोल रूम को जैसे ही सूचना मिली जिला सेनानी नागेंद्र सिंह के निर्देशन में एसडीआरएफ की टीम रवाना होकर घटनास्थल पहुंची। वाटरफॉल में डूबे युवक का शव निकालने में एसडीआरएफ के सदस्य राजकुमार, इंद्रपाल यादव, नरोत्तम चंदेल, चंद्रप्रताप जंघेल आदि की भूमिका सराहनीय रही।



### बीते साल भी हुआ था हादसा

इस जलप्रपात में बीते साल सितंबर माह में दो युवकों की मौत हुई थी। नहाने के दौरान दोनों युवक गहराई में जा समाए थे। दो सितंबर शनिवार 2023 की शाम पांच बजे की घटना थी। दूसरे दिन तीन सितंबर 2023 की सुबह दोनों युवकों की डेड बॉडी को जलप्रपात से बाहर निकाला गया था। दोनों युवक कवर्धा शहर के निवासी थे। जो अपने 10 दोस्तों के एक साथ पिकनिक मनाने गए थे।



### सीएम साय ने जताया दुख, कहा- घटना से मन व्यथित


घटना जानकारी मिलने के बाद छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि कवर्धा के रानीदहरा जलप्रपात में उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव जी के भांजे तुषार साहू के डूबने की हृदयविदारक सूचना प्राप्त हुई। घटना से मन व्यथित है। ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करने की विनम्र प्रार्थना करता हूं।

# लुटेरी दुल्हन और किराए की पत्नी

श्रीकंचनपथ न्यूज

गुस्ताखी माफ - दीपक रंजन दास

एम आम भारतीय का सबसे बड़ा सपना, उसकी सबसे बड़ी तैयारी और सबसे बड़ी चिंता सबके सब आश्चर्यजनक रूप से एक ही है। यह सपना और चिंता है अपने बच्चों की धूमधाम से शादी करवाने की। इसके लिए वह जीवन भर तैयारी करता है और अपनी पूरी जमा पूंजी खुशी-खुशी लुटा देता है। भारतीय समाज विवाह को कोई फौरी समझौता नहीं मानता बल्कि इसके जरिए दो परिवार आपस में गहरे जुड़ते हैं। वैवाहिक रिश्ता जन्म-जन्मांतर तक कायम रहने का आशीर्वाद भी दिया जाता है। इसलिए यहां वैवाहिक रिश्ते खूब ठोंक बजाकर किये जाते हैं। न केवल वर-वधु की कुंडली का मिलान किया जाता है बल्कि कुंडली से परिवारों की अनुकूलता का भी आंकलन किया जाता है। परिवारों और रिश्तेदारों की भी पड़ताल की जाती है। सबकुछ ठीक-ठाक रहा तो फिर उस गठरी का मुंह खोल दिया जाता है जिसमें बेटी की शादी के सपने बंधे होते हैं। इसमें रुपए पैसे, जेवर, उम्मीदें, सबकुछ होते हैं। आगे भी सबकुछ ठीक रहा तो बुरी तरह लुटने के बाद भी कन्या का पिता खुशी के आंसू छलकाता है। पर जैसे-जैसे सामाजिक समीकरण बदल रहे हैं, वैसे-वैसे इसमें भी जटिलताएं आने लगी हैं। पहले जहां दुल्हन को नकारने का सर्वाधिकार दूल्हे के परिजनों के पास सुरक्षित हुआ करता था उसका एक हिस्सा अब दुल्हन के पास चला गया है। इसलिए अब दुल्हन की तलाश में युवक भी दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। धोखा भी खा रहे हैं। मामले पुलिस के पास भी पहुंच रहे हैं। लुटेरी दुल्हन नाम की एक नई जमात रातों-रात उठ खड़ी हुई है। डेटिंग साइट्स पर जीवन संगिनी की तलाश कर रहे युवकों को सबसे पहले फोन-कॉल्स आने लगते हैं। फोनकॉल्स और व्हाट्सअप चैट पर ही ढेर सारी बातें हो जाती हैं। फोटो का आदान-प्रदान करने के बाद दोनों पक्ष के लोग किसी मंदिर, रेस्त्रां या होटल में मिलते हैं। बात पक्की होने पर लड़की की तरफ से डिमांड रखी जाती है। धोखाधड़ी के अधिकांश मामले यहीं से शुरू होते हैं। रुपए पैसे ऐंठने के बाद कभी दुल्हन विवाह से पहले ही गायब हो जाती है तो कभी विवाह उपरांत उपहार आदि समेट कर चंपत हो जाती है। ठगे गये दूल्हे का ही तमाशा बन जाता है। बीवी की चाह में लोग लड़कियां खरीदने तक को मजबूर हो रहे हैं। मध्यप्रदेश के शिवपुरी में एक प्रथा है 'धड़ीचा'। 10 रुपए से लेकर 100 रुपए तक के स्टाम्प पेपर पर ऐसे समझौते तैयार किये जाते हैं जिसमें किसी कुंवारी कन्या या विवाहिता को एक साल के लिए दुल्हन के रूप में प्राप्त किया जा सकता है। अनुकूलता बैठ गई तो किरायानामा की मियाद बढ़ाई जा सकती है। शिवपुरी में तो यह बिजनेस की तरह चल रहा है। लोग दूसरे राज्यों से गरीब सुन्दर कन्याओं को ब्याह कर ले आते हैं। फिर पैसे वालों को अपनी बीवी किराए पर दे देते हैं। इससे दोनों परिवारों का खर्चा-पानी चल जाता है।



## संपादकीय

# एक युद्ध की आशंका

पश्चिम एशिया में एक बड़े युद्ध का तनाव इतना बढ़ गया है कि उसकी आंच भारत तक पहुंचने लगी है। यह गौर करने की बात है कि इजरायल-ईरान के बीच बढ़ते तनाव के चलते एअर इंडिया ने शुक्रवार को इजरायल के तेल अवीव से आने और जाने वाली अपनी सभी उड़ानों को 8 अगस्त तक के लिए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। क्या भारत सरकार को कोई खुफिया सूचना मिली है? क्या ईरान या इजरायल से चेतावनी आई है? एक हद तक इन दोनों ही देशों से भारत के ठीकठाक कामकाजी संबंध हैं, अतः भारत के पास अगर युद्ध की पूर्व सूचना आई हो, तो आश्चर्य नहीं। अगर युद्ध की आशंका न हो, तो एअर इंडिया के ताजा कदम को कैसे समझा जाए? ध्यान देने की बात है।

> फलस्तीन के नाम पर संघर्ष कर रहे आतंकी संगठन हमास के राजनीतिक प्रमुख इस्माइल हनियेह की 31 जुलाई को ईरान में हत्या कर दी गई थी, जिसका आरोप सीधे इजरायल पर लगाया गया था। यह बात भी गौर करने की है कि ईरान ने हनियेह के खून का बदला लेने की कसम खाई है। ईरान की नाराजगी को इस बात से समझा जा सकता है कि ईरान में इजरायल की यह कोई पहली हिंसक कार्रवाई नहीं है।

वास्तव में, इजरायल ने अपने लोगों की हत्या का बदला लेने के लिए अभियान छेड़ रखा है। गुरुवार 1 अगस्त को ही इजरायली रक्षा बलों ने हमास के सैन्य प्रमुख मोहम्मद दैफ की मौत की पुष्टि की है, जिसे इजरायल 7 अक्तूबर के हमले का मास्टर माइंड मानता है। आशंका है कि गाजा में ताजा जंग को हमास के इस सैन्य प्रमुख ने ही अंजाम दिया था। खबर आई है कि उसे गाजा में ही 13 जुलाई को मार दिया गया था। लगातार बदले से केवल ईरान ही नहीं, अन्य इस्लामी देशों में भी आक्रोश का आलम है। अरब देशों के अलावा चीन और पाकिस्तान ने भी प्रमुखता से इजरायल की निंदा की है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह खामेनेई जिस तरह से आक्रामक बयान दे रहे हैं, उससे भी युद्ध की आशंका को बल मिल रहा है। उन्होंने साफ कर दिया है कि हत्या का बदला लेना हमारा कर्तव्य है। इस वक्त न ईरान को कोई समझा पा रहा है और न इजरायल किसी की सुन रहा है।

यह भी माना जा रहा है कि ईरान कोई बड़ा हमला न करे, पर अपनी साख को बचाने के लिए सांकेतिक व सीमित हमले की कार्रवाई कर सकता है। अब यह कोई नहीं जानता कि ईरान कहां पहले वार करेगा। हालांकि, इजरायल भी तैयार है। युद्ध न भड़के, इसकी कामना सहज ही की जा सकती है, पर यह इस दौर की बड़ी त्रासदी है कि अब संयुक्त राष्ट्र की भी कोई नहीं सुन रहा है। क्या भारत जैसे देश अपना बचाव करने के साथ ही इस युद्ध रोकने के लिए कुछ कर सकते हैं? दरअसल, पश्चिम एशिया में शांति के लिए एक बड़े सम्मेलन की जरूरत है। अरब दुनिया जिस तरह से बंटी हुई है, उसमें उनके अपने स्तर पर सम्मेलन की उम्मीद नहीं की जा सकती, पर हां, संयुक्त राष्ट्र अपने प्रयासों से एक खास सम्मेलन बुला सकता है। सुधार और समझाइश की जरूरत इजरायल में भी है और ईरान में भी। सऊदी अरब अगर युद्ध नहीं चाहता, तो पश्चिम एशिया में व्यापक शांति-वार्ता की पहल वह भी कर सकता है। इन देशों ने लगभग सदी भर से आपस में लड़ते हुए भारी कीमत चुकाई है। पता नहीं, कितनी जंगों के बाद ये अमन-चैन की राह चलेंगे?

## नजरिया

# अमेरिका में चुनावी लड़ाई फिर नस्ल और लिंगभेद पर आई

*अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप जिस तरह से विपक्षी डेमोक्रेट कमला हैरिस पर नस्लीय टिप्पणी करने लगे हैं, उससे चुनाव के गहरे संकेत मिल रहे हैं। निस्संदेह, ट्रंप ऐसे नेताओं में गिने जाते हैं, जो ऐसी टीका-टिप्पणियों से परहेज नहीं करते।*

हर्ष वी पंत, प्रोफेसर,
किंग्स कॉलेज लंदन

बराक ओबामा हो या निक्की हेली, उन्होंने कई नेताओं पर लांछन लगाए हैं। मगर अभी उनके निशाने पर कमला हैरिस क्यों हैं, जबकि उन्हें अभी डेमोक्रेटिक पार्टी ने अपना आधिकारिक प्रत्याशी भी नहीं घोषित किया है?

दरअसल, राष्ट्रपति जो बाइडन की चुनाव से हटने की घोषणा के बाद कमला हैरिस अचानक सुर्खियों में आ गईं। अब तक उनकी पहचान बाइडन की छाया के रूप में थी। उन्होंने भी अपनी कोई महत्वाकांक्षा जाहिर नहीं की थी। मगर उनका महिला होना और वह भी उनके अफ्रीकी-अमेरिकी समुदाय के होने से डेमोक्रेटिक के आधार वोटबैंक में एक नया उत्साह आ गया है। बाइडन सहित कईअन्य नेताओं ने उनका खुलकर समर्थन किया है, जिससे जॉर्जिया जैसे राज्यों में भी, जहां बाइडन पर ट्रंप भारी पड़ते दिख रहे थे, डेमोक्रेटिक पार्टी मुकाबले में आ गई है। स्थिति यह है कि लोकप्रियता के मामले में कमला हैरिस ने ट्रंप और बाइडन के बीच बढ़ते अंतर को पाट दिया है और कई राज्यों में तो वह ट्रंप से आगे निकल गई हैं। यह अंतर अभी ज्यादा नहीं है, मगर अंदरखाने उनके पक्ष में एक लहर जरूर चलने लगी है। इसका असर नॉर्थ कैरोलिना, एरिजोना, नेवाडा जैसे तमाम स्विंग स्टेट्स (जहां के मतदाताओं का रुख स्पष्ट नहीं है कि वे किस पार्टी का समर्थन करेंगे) में भी दिखने लगा है और डेमोक्रेटिक पार्टी उठ खड़ी हुई है। जबकि, इन्हीं स्विंग स्टेट्स में मामूली अंतर की जीत से जो बाइडन व्हाइट हाउस पहुंचे थे।

डोनाल्ड ट्रंप इस सच से वाकिफ हैं। बाइडन को वह उम्र या सेहत के मुद्दे पर घेरने में सफल हो रहे थे, पर कमला हैरिस



के खिलाफ यह रणनीति अपने पांवों पर कुल्हाड़ी मारने जैसी होगी। पहले यही कहा जा रहा था कि दो श्वेत बुर्जुग आमने-सामने हैं, पर अब यह लड़ाई बुजुर्ग बनाम नौजवान की बनती दिख रही है। लिहाजा, हैरिस पर ट्रंप कई तरह की प्रतिकूल टिप्पणियां करने लगे हैं। हालांकि, सच यह भी है कि बतौर उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस बहुत ज्यादा अपनी छाप छोड़ने में सफल नहीं रही हैं। उन्हें बाइडन प्रशासन में जो नीतिगत जिम्मेदारियां दी गई थीं, वे बहुत अहम नहीं थीं। इतना ही नहीं, वह भारतवंशी के बजाय अफ्रीकी-अमेरिकी कहलाना ज्यादा पसंद करती हैं, जिसे कुछ लोग उनकी सियासी मजबूरी भी कहते हैं, क्योंकि इसका उन्हें पहले के चुनावों में फायदा मिला है। मगर राष्ट्रपति पद की दावेदारी के करीब यूं अचानक पहुंच जाने से लोगों की उनसे अपेक्षाएं बढ़ गई हैं, इसलिए ट्रंप हैरिस के पक्ष में बनती इस हवा को हर कीमत पर बिगाड़ देना चाहते हैं। ऐसा करके वह अपने श्वेत वोटरों में किसी तरह की सेंध की आशंका को भी खत्म करना चाहते हैं।

साफ है, अमेरिका में जिस तरह से राष्ट्रपति चुनाव में व्यक्तिगत टीका-टिप्पणियां बढ़ गई हैं, वे नवंबर में मत डालने तक जारी रह सकती हैं। अलबत्ता, इसमें और तेजी आ सकती है, खासतौर से तब, जब यह मुकाबला अधिकृत रूप से डोनाल्ड ट्रंप बनाम कमला हैरिस हो जाएगा। तब दोनों पक्ष अपने-अपने वोटबैंक को मजबूत करने के साथ-साथ एक-दूसरे के आधार-वर्ग में सेंध लगाने का प्रयास तेज करेंगे। यह जंग क्या रुख लेगी, यह तो आने वाले दिनों में पता चलेगा, पर अभी वहां श्वेत बनाम अश्वेत की जंग भारी पड़ती दिख रही है।

एक बात और। डोनाल्ड ट्रंप शायद ही कमला हैरिस के साथ किसी मंच पर आमने-सामने होना चाहेंगे। इसकी वजह यह है कि पिछली बहस में उन्होंने ट्रंप की बीमारी और उनकी उम्र पर निशाना साधा था, जिसका उन्हें फायदा भी मिला। कमला हैरिस के साथ मंच साझा करने पर उनके ये तीर उन्हीं पर भारी पड़ सकते हैं। फिर, कमला पूर्व में अभियोग पक्ष की वकील रह चुकी हैं, इसलिए वह ट्रंप को अपने सवालों में ऐसे घेर सकती हैं कि वह बैकफुट पर आ जाएं। ऐसे में, प्रतिकूल टीका-टिप्पणी करके चुनावी हवा को गरम रखने की नीति ही ट्रंप को फिलहाल रास आ रही है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# पाकिस्तान में हिन्दुओं पर ईश निंदा कानून का खतरा

पाकिस्तान ब्यूरो आफ स्टेटिस्टिक(पीबीएस) ने पिछले दिनों आंकड़े जारी कर बताया कि पाकिस्तान में हिन्दुओं की आबादी बढ़ गई है। इस्लामिक राष्ट्र पाकिस्तान में 2017 में हिन्दुओं की आबादी 35 लाख थी जो 2023 में बढ़कर 38 लाख तक पहुंच गई।

समझना होगा कि पाकिस्तान के हिन्दू बाहुल्य रेगिस्तानी इलाकों में कभी सलीके से जनगणना होती ही नहीं है, फिर वहां सिखों को अलग से गिना जाता है। सरकार की आंकड़ों को अब पाकिस्तान में निर्वाचित हिन्दू नेता ही फर्जी बता रहे हैं। समझना होगा कि एक तो पाकिस्तान में हिन्दू लड़कियों के जबरन अपरहण और धर्म परिवर्तन पर कभी कड़ी कार्रवाई होती नहीं, दूसरा वहां सरकार भी नहीं चाहती कि अल्पसंख्यकों की वास्तविक संख्या दिखाई जाए। उमरकोट के आसपास सैकड़ा भर गांव हिन्दू बाहुल्य हैं, और वहां सड़क, पानी, स्कूल जैसी सुविधाएं हैं नहीं।

पाकिस्तान के बड़े संगठनों, पाकिस्तान हिन्दू काउंसिल के चेयरमैन डॉ. रमेश कुमार वांकवानी और मुतहिदा राष्ट्रीय मूवमेंट की प्रांतीय असेंबली सदस्य डॉ. मंगला शर्मा इन आंकड़ों को झूठ बताते हुए दस्तावेज प्रस्तुत कर रहे हैं कि सरकारी रिकार्ड में 2017 में हिन्दुओं की आबादी 44 लाख 44 हज़ार 870 गिनी गई थी। असलियत में आज आबादी एक करोड़ से अधिक है। अल्पसंख्यकों पर होने वाले अत्याचार और भेदभाव पर पर्दा डालने के लिए इस तरह के फर्जी आंकड़े पेश किए जा रहे हैं। पीबीसी के आंकड़े तो ईसाइयों की आबादी में सात लाख की बढ़ोतरी बता कर उनकी संख्या 33 लाख पहुंचने का दावा कर रहे हैं। वहां पारसी महज 2348 रह गए लेकिन सिखों की संख्या का खुलासा नहीं किया गया है।

पाकिस्तान में 1951 में 1.60 फीसद हिन्दू आबादी थी। 1961 में 1.45 फीसद, 72 में 1.11, 1981 में 1. 85 और 2017 में 1.73 फीसद हिन्दू आबादी थी। इस साल यह आंकड़ा घट कर 1. 61 फीसद रह गया है। चूंकि बड़ी संख्या में हिंदुओं के पास राष्ट्रीय पहचान पत्र (एनआईसी) है ही नहीं, सो उनकी गणना होती नहीं वरना यह आंकड़ा एक करोड़ से अधिक होगा। देश में सबसे ज्यादा हिन्दू सिंध में, कुल आबादी का 8.73 फीसद हैं। पंजाब राज्य में 0.19, खैबर पख्तुन्बा में 0.02, बलोचिस्तान में 0.40 और इस्लामाबाद में 0.04 फीसद हिन्दू आबादी का सरकारी आंकड़ा है। राजस्थान से सटे थारपारकर जिले में सात लाख 14 हजार 698 हिन्दू रहते हैं, तो मीरपुरखास में पांच लाख के करीब, सग्घर में चार लाख 46 हजार हैं तो बदिन, हैदराबाद, टंडो मुहम्मद खान और रहीम यार खान जिलों में एक से डेढ़ लाख हिन्दू रहते हैं। यहां उमरकोट जिले की आबादी का 52.15 फीसद हिन्दू हैं और यहां के राजपूत शासक बड़े ताकतवर हैं। हिन्दू बाहुल्य इलाकों से भी कभी हिन्दू सांसद या विधायक चुने नहीं जाते क्योंकि इस आबादी के नाम ही वोटर लिस्ट में होते नहीं या उनके वोट और कोई डालता है। पाकिस्तान में धर्म परिवर्तन विरोधी कानून बनते हैं लेकिन कट्टरपंथी जमात के विरोध के चलते ठंडे बस्ते में चले जाते हैं। दो साल पहले वहां 18 साल से कम के लोगों के धर्म परिवर्तन पर पाबंदी का कानून आया लेकिन मुल्ला- मौलवियों के विरोध के चलते वापस ले लिया गया। वहां धर्म परिवर्तन को ाब अर्थात पुण्य का काम कहा जाता है और इस्लामिक कानून के तहत ऐसी पाबंदी धर्म विरोधी कह कर गवर्नर ने कानून रद्द कर दिया था।

पाकिस्तान के मानवाधिकार आयोग की बीते साल की रिपोर्ट बेशर्मी से स्वीकार करती है कि देश में हर साल अल्पसंख्यक समुदाय की कोई एक हजार लड़कियों का धर्म परिवर्तन करवाया जाता है और ये 12 से 25 साल उम्र की होती हैं। 2004 से 2018 के बीच अकेले सिंध प्रांत में 7430 हिन्दू लड़कियों के अपरहण के मामले दर्ज किए गए, कहने की जरूरत नहीं कि वहां बड़ी संख्या में मामले थाना पुलिस तक जाते ही नहीं हैं। चूंकि सिंध के बड़े जागीरदारों के यहां अधिकांश हिन्दू मजदुर हैं, और वह भी तीन-तीन पीढियों से लगभग बंधुआ मजदुर की तरह, सो उनकी कोई आवाज नहीं होती। कराची शहर में हिन्दू आबादी डॉक्टर जैसे पेशे में सर्वाधिक है, तो सब्जी बेचने वाले भी अधिकांश हिन्दू हैं।

पाकिस्तान का शिक्षा तंत्र सबसे जहरीला है, स्कूली किताबों में हिन्दुओं को खलनायक बताया जाता है और आजादी की लड़ाई में मुस्लिम लीग और कांग्रेस की भूमिका को हिन्दू-मुस्लिम टकराव, वहां की किताबों में देश के हिन्दुओं की वफादारी को भारत के साथ जोड़ा जाता है, वहां किसी भी किताब में किसी हिन्दू चरित्र की तारीफ की ही नहीं जाती। पाकिस्तान के संविधान के आर्टकिल 20-22 में धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लेख था लेकिन जुलाई, 1977 में जिया उल हक ने देश में माशर्ल लॉ घोषित किया और संविधान में बदलाव कर गैर-मुस्लिमों की धार्मिक स्वतंत्रता पर कई पाबंदियां लगा दीं, पाकिस्तान में राष्टपति मुस्लिम ही बन सकता है और सभी उच्च पदों पर मुस्लिम आयतों के साथ शपथ लेना अनिवार्य है। इसके कारण वहां हिन्दुओं को सदैव दोयम माना जाता है।

पाकिस्तान में हिन्दुओं पर सबसे बड़ा खतरा वहां का ईश निंदा कानून है जिसकी आड़ में भीड़ हिंसा में किसी को भी मार देने पर कोई खास कार्यवाही नहीं होती। हिन्दू या सनातन धर्म का कम से कम तीन हजार साल पुराना अतीत सरहद पार है-मोईन जोद्रो या हड़प्पा के रूप में और हिंगलाज और कटासराज मंदिर सहित कई प्राचीन इमारतों के रूप में, दुर्भाग्यपूर्ण है कि पाकिस्तान बनते समय मुहम्मद अली जिन्ना ने वहां धार्मिक आजादी की बात की थी लेकिन अब पाकिस्तान %जिन्ना के पाकिस्तान से जेहाद के पाकिस्तान' में तब्दील हो गया है और इसका सबसे बड़ा खमियाजा हिन्दू आबादी को उठा पड़ रहा है। जनगणना के त्रुटिपूर्ण आंकड़े एक तरफ धर्मातरण के पाप को ढंकने के काम आते हैं, तो दूसरी तरफ जिस आबादी का रिकार्ड नहीं उसके लिए मूलभूत सुविधाओं की चिंता करने की जरूरत नहीं रह जाती। भारत में नागरिकता कानून आने के बाद वहां से पलायन तेजी से हुआ है और शायद वहां की सरकार चाहती भी यही है लेकिन यह अनिवार्य है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय पाकिस्तान में हिन्दू धर्म और उससे जुड़े चिह्नों को सहेजने, हिन्दू आबादी को शैक्षिक और आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए पाकिस्तान सरकार पर दबाव बनाए।

**( राष्ट्रीय न्यूज एजेंसी )**

# गरीबी मुक्त गांव बनाने की आह्वान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यों से गरीबी मुक्त गांव बनाने की दिशा में काम करने का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने नीति आयोग की 9वीं शासी परिषद की बैठक के समापन अवसर पर शनिवार को कहा कि 2047 तक विकसित भारत, जो हर भारतवासी की महत्त्वाकांक्षा है, के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। इसके लिए राज्यों की भागीदारी महत्त्वपूर्ण है। यह दशक तकनीकी और भू-राजनीतिक बदलावों और अवसरों का है, जिसका लाभ उठाया जाना चाहिए।

मजे की बात यह है कि प्रधानमंत्री मोदी विकसित राष्ट्र के सफर में राज्यों की भागीदारी की बात कह रहे हैं, लेकिन बैठक में बिहार, केरल समेत 10 राज्य और केंद्रशासित प्रदेश शामिल नहीं हुए। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बैठक में पहुंचीं जरूर लेकिन अपना भाषण बीच में ही रोक देने का आरोप लगाते हुए उन्होंने बैठक का बहिष्कार कर दिया।

इतनी महत्त्वपूर्ण बैठक से दस से ज्यादा राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों का शामिल न होना निश्चित ही दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि विकसित राष्ट्र की दिशा में अकेले-दुकेले की बढ़त से बात नहीं बनेगी। सभी की भागीदारी और सहयोग होना जरूरी है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, गरीबी उन्मूलन और आबादी का प्रबंधन जैसे तमाम मुद्दे हैं, जिनके लिए राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को अपने तई प्रयास करने होंगे। जरूरी बन पड़ी नीतियों को क्रियान्वयन करके देश के आर्थिक विकास की दिशा में अपना महती योगदान देना होगा।

बैठक में प्रधानमंत्री ने जो सबसे महत्त्वपूर्ण बात कही वह थी गरीबी-मुक्त गांव की दिशा में काम करने की। बेशक, इस दिशा में तैयारी करके बढ़ा जाए तो बेहतर नतीजों की उम्मीद की जा सकती है। माइक्रो लेवल का आर्थिक प्रबंधन कोई नहीं बात नहीं है। बहुत पहले गांधी जी ने गांव के स्तर पर ज्यादा से ज्यादा सक्रियता की बात कही थी। उन्हें लगता था, और जो भारत जैसे गांवों के देश में सही भी था, कि गांव के स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को मजबूती देकर आमजन को सबल बनाया जाना चाहिए। लेकिन बाद में इस आर्थिक सोच को बिसरा दिया गया।

नतीजतन, गांव में रोजगार की स्थिति खासी चरमरा गई और बड़े पैमाने पर पलायन होने लगा। तमाम शहरों और बड़े नगरों की ओर हुए आबादी के पलायन से शहरों में नागरिक सुविधाओं के हालात बदतर हो गए। जरूरी है कि केंद्र सरकार और राज्यों में आरूढ़ सरकारें मिलकर गांवों को सबल बनाने की दिशा में अग्रसर हों जिससे आम जन के हालात बेहतर हो सकेंगे जो बड़ी सफलता होगी।

**( राष्ट्रीय न्यूज एजेंसी )**

# संस्कृति को बचाना, बढ़ावा देना तो अच्छी बात है

सुनील दास

राजनीति से कोई क्षेत्र अछूता नहीं रह गया है, यहां तक कि लोकपर्व को लेकर भी राजनीति की जाती है, श्रेय लिया जाता है कि देखो हमने शुरू किया था, देखो यह तो हमारी नकल कर रहे है। यदि किसी एक राजनीतिक दल ने खुद को छत्तीसढ़िया सीएम बताने के लिए राज्य के पर्व, तिहार उसने सीएम निवास में भव्य आयोजन कर मनाना शुरू किया था तो उनके बाद वाले सीएम को खुद को छत्तीसढ़िया सीएम बताने के लिए पहले से भी भव्य आयोजन करना जरूरी हो जाता है। अगर वह नहीं करते हैं तो कहा जाएगा पहले सीएम वाकई खांटी छत्तीसगढ़िया सीएम थे तब ही तो वह राज्य की परंपरा के अनुरूप अपने घर में छत्तीसगढ़ का पर्व मनाया करते थे और राज्य के लोगों को बुलाया करते थे, वह सीएम तिहार के दिन सीएम आवास को आम लोगों के लिए खोल देते थे, तिहार के दिन सीएम हाउस सीएम नही रह जाता है, वह राज्य के मुखिया का घर बन जाता था, जहां हर कोई सीएस के साथ तिहार मनाने आ सकता था। एक सीएम ने ऐसा किया है तो बाद वाले सीएम को भी खुद को उससे ज्यादा छत्तीसढ़िया बताने के लिए करना पड़ता है,वह नहीं करेंगे तो कहा जाएगा कि यह छत्तीसगढ़िया सीएम नही है, यह छत्तीसगढ़िया संस्कृति को बचाने व बढ़ावा देने वाला नहीं है। हरेली का तिहार लोकपर्व है, माना जाता है कि इस दिन से राज्य में पर्व मनाना शुरू होता है,यह राज्य का पहला पर्व होता है, इसके बाद सारे पर्व मनाए जाते हैं। राज्य में भूपेश बघेल ने सीएम निवास में हरेली आदि तिहार धूमधाम से मनाना शुरू किया था इसलिए साय सरकार के लिए इस परंपरा को बनाए रखना जरूरी हो गया और सीएम साय के निवास में भी हरेली के तिहार पर भव्य आयोजन किया गया, परंपरा के अनुरास पूजा पाठ किया गया।छत्तीसगढ़िया पकवान बनाए गए, सब कुछ किया गया जो एक आम छत्तीसगढ़ृिया घर में किया जाता है।

ऐसा किया गया तो कांग्रेस की तरफसे कहा जाएगा कि भाजपा सरकार ने कांग्रेस सरकार की नकल की है. अगर भाजपा सरकार नहीं करती तो कांग्रेस कहती कि सही मायने भूपेश सरकार ही खांटी छत्तीसगढ़िया सरकार थी, भूपेश बघेल ही छत्तीसगढ़िया संस्कृति व तिहार को बढ़ावा देने वाले , उसकी रक्षा करने वाले थे। राजनीति में खुद तो दूसरे से हर क्षेत्र मे बेहतर साबित करना पड़ता है इसलिए कई बार वह सब करना पड़ता है जो जरूरी नहीं होता है।पर्व व तिहार तो लोक के होते हैं। इसके लिए सामाजिक संगठनों को आगे आना चाहिए और ऐसे आयोजन करना चाहिए जिसमें बढ़ी संख्या में लोग शामिल हो, तिहार मे आपस में मिले जुलें, एक दूसरे के लिए मगलकामना करे। स्थानीय खेलों का प्रतियोगिता करानी चाहिए, पंरपरा गेड़ी चढ़ने की है तो इस परपरा को बनाए रघने का प्रयास होना चाहिए। पौधे लगाए जाते हैं तो पौधे जरूर लगना चाहिए। इसके लिए सरकार को सामाजिक संगठन जैसा सहयोग चाहते है, जरूर करना चाहिए। राज्य एक परिवार है तो सीएम उसके मुखिया है, जैसे हर तिहार में मुखिया की जैसी भूमिका होनी चाहिए, वैसी राज्य के तिहार में सीएम की होनी चाहिए। उन्हें राज्य के लोगों की बीच तिहार मनाना चारिए। इससे जनता व सीएम के बीच की दूरी कम होती है। लोगों को लगता है कि हमारे बीच तिहार मनाने वाला सीएम हमारा सीएम है। जनता व सीएम के बीच दूरी कम होती है, उनके बीच सहज संवाद होता है, जनता वह सब कह सकती है जो वह आम तौर पर दूरी रहने पर कह नहीं पाती है।

सीएम व जनता के बीच दूरी कम करने के जितने प्रयास हो सकते हैं किए जाने चाहिए,जरूरी नहीं है कि एक सीएम ने जैसा किया है, दूसरा सीएम भी वैसा ही करे। वह और कुछ नया कर सकता है। वह और कुछ नया सोच सकता है। एक सीएम यदि सीएम हाउस में आयोजन कर लोगों को अपने घर बुलाता है तो दूसरा सीएम हरेली पर लोगों के घर जाकर उनको हरेली की शुभकामना दे सकता है। आयोजन तो दूसरा हो सकता है लेकिन कोशिश तो वही सीएम व जनता के बीच दूरी करना और सहज संवाद करना होना चाहिए। अगर सरकार राज्य की संस्कृति को किसी भी तरह से बचा रही है, बढ़ावा दे रही है तो विपक्ष को उसकी सराहना करनी चाहिए न कि यह कहना चाहिए कि हमारी नकल कर रहे है। भूपेश बघेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कुछ करते हैं तो सीएम साय भी अपने ढंग से कुछ कर सकते है। सराहना तो दोनों की होनी चाहिए कि वह राज्य हित में अच्छा कर रहे है।

**( ये लेखक के विचार हैं )**

# सत्ता में हो विपक्ष, तो राजनीति स्वाभाविक है

उमेश चतुर्वेदी

विपक्षी कांग्रेस का आरोप है कि मोदी सरकार ने बजट को लेकर राजनीति की है। विपक्ष का आरोप है कि इस बजट में नीतीश कुमार और एन चंद्रबाबू नायडू ने अल्पमत सरकार को समर्थन देने की कीमत वसूली है। आरोप यह भी है कि सरकार बचाने के लिए बीजेपी ने बिहार और आंध्र प्रदेश को विशेष पैकेज दिया है, जबकि अन्य राज्यों को कुछ खास हासिल नहीं हुआ है। आरोप को बढ़ाते हुए विपक्ष यहां तक कह रहा है कि यह पूरे देश का बजट नहीं है। कांग्रेस तो यहां तक कह रही है कि मौजूदा बजट उसके चुनाव घोषणा पत्र की कॉपी है।

जहां तक बजट में राजनीति का सवाल है तो शायद ही कोई सरकार या दल होगा, जिसने अपने कार्यकाल में प्रस्तुत बजट में राजनीति ना की होगी। हर राजनीतिक दल की अपनी विचारधारा है, उसका अपना एजेंडा होता है, उसका अपना वोट बैंक होता है। बजट हो या अन्य सरकारी फैसले, हर राजनीतिक दल और सरकार अपने कदम उठाते वक्त उनका ध्यान रखती है। इसके साथ ही हर राजनीतिक दल अपने भावी और लक्षित वोट बैंक को लुभाने के लिहाज से भी फैसले लेता है। हर राजनीतिक दल की चाहत होती है कि उसका मौजूदा वोट आधार बढ़े। इस लिहाज से भी वह अपने राजनीतिक फैसले लेता है और उसकी सरकारें भी अपनी नीतियां इसी हिसाब से बनाती और बढ़ाती हैं। इस नजरिए से देखें तो अगर मोदी सरकार ने नीतीश और नायडू के राज्यों को कुछ विशेष सहूलियतें दी है तो कोई गलत नहीं है। अगर बिहार बाकी राज्यों की तुलना में पिछड़ा है, वह जनसंख्या पलायन का दंश झेलने को मजबूर है तो हर सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि उस देश के साथ कदमताल करने के लिए बिहार को अगर सहूलियत देनी पड़ी तो दे। मदद का हाथ बढ़ाना पड़े तो बढ़ाए। अगर आंध्र प्रदेश को भी मदद की दरकार हो तो मिलनी चाहिए। सिर्फ बिहार और आंध्र ही नहीं, जो राज्य पिछड़ा है, उसे आगे लाने और उसे बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर मदद की स्पष्ट नीति होनी चाहिए। अव्वल तो हम देश को एक इकाई के तौर पर देखने का दावा करते हैं। अपना संविधान नागरिक को देश की मूल इकाई घोषित करता है। इस लिहाज से हर नागरिक बराबर है। लेकिन आर्थिक और सामाजिक नजरिए से देखें तो हर नागरिक बराबरी की बेंच पर नहीं बैठा है। समान मतदान और कानून के सामने बराबरी के अधिकार ने एक हद तक बराबरी की इस अवधारणा को जिंदा जरूर रखा है। यह बात और है कि अक्सर अमीर और गरीब के लिए कानूनी पेच और प्रक्रियाएं, यहां तक कि न्यायिक अवधारणा भी बदल जाती है। इन बातों को छोड़ दें तो कम से कम आर्थिक आधार पर बराबरी की ओर बढ़ने की कोशिश होनी चाहिए। प्रशासनिक सहूलियत और सांस्कृतिक आधार पर हमने राज्य गठित कर लिए तो इसका यह मतलब नहीं कि उनकी असमानताओं को अनदेखी की जाए। किसे नहीं पता है कि बिहार के उत्तरी हिस्से में हर साल कोसी नदी प्रलय लेकर आती है। जिससे तकरीबन आधार बिहार नारकीय जीवन जीने के लिए मजबूर रहता है। इसी तरह समूचे देश को पता है कि तेलंगाना के अलग होने के बाद हैदराबाद आंध्र की राजधानी नहीं रहा। उसे राजधानी बनाने के लिए संसाधन चाहिए ही होंगे। इसलिए अगर बिहार और आंध्र को सहूलियतें कुछ ज्यादा मिली भी हैं तो उसे राजनीतिक चश्मे से देखने की बजाय जमीनी हकीकत के लिहाज से समझा जाना चाहिए।

वैसे यह भी अर्ध सत्य ही है कि बाकी राज्यों को बजट में कुछ नहीं मिला। जबकि इस बजट में अगर रेल परियोजनाएं हैं, अगर कृषि बजट को सवा लाख करोड़ से बढ़ाकर एक करोड़ 52 लाख करोड़ कर दिया गया है, अगर सड़क परियोजनाओं की बाढ़ लाई गई है, अगर केंद्रीय करो में राज्यों का हिस्सा बढ़ाया गया है तो इससे किसी एक ही राज्य का भला नहीं होना है, बल्कि देश के हर राज्य को भला होना है। बजट में



आदिवासी लोगों के लिए बजट में वित्त मंत्री पूर्वोदय योजना लेकर आई हैं। जिसके जरिए झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा और आंध्र प्रदेश में औद्योगिक विकास को बढ़ावा दिया जाएगा। झारखंड को एक और योजना का सीधा फायदा मिलेगा। बजट प्रस्तावों में 'प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान' योजना भी लायी गई है। आदिवासी गांवों और लोगों के विशेष विकास के लिए विशेष रूप से डिजाइन इस योजना का फायदा उन सभी राज्यों को मिलना है, जहां आदिवासी आबादी है। झारखंड में जहां 27 फीसद आबादी जनजातीय है। वहीं उसके पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ में करीब 32 फीसद आबादी जनजातीय समुदाय की है। 'प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान' के दायरे में 63 हजार गांवों को लाया जाना है। जिससे सीधे तौर पर पांच करोड़ जनजातीय लोगों की जिंदगी बदलने की कोशिश की जानी है। जाहिर है कि इसका फायदा उड़ीसा, झारखंड और छत्तीसगढ़ के साथ कांग्रेस शासित तेलंगाना को भी मिलेगा, क्योंकि इन्हीं राज्यों में देश का सबसे ज्यादा जनजातीय आबादी रहती है।

कांग्रेस ने युवाओं को लुभाने के लिए तीस लाख खाली पड़े सरकारी पदों को भरने और डिप्लोमा धारक सभी बेरोजगार युवाओं को इंटर्नशिप और एक लाख रूपए सालाना देने का वादा किया था। राहुल गांधी और उनके सहयोगियों ने इस वायदे को खूब प्रचारित किया। राहुल गांधी कहा करते थे कि इस सरकार बनी और उधर खटाखट-खटाखट खाते में पैसे ट्रांसफर होने लगे थे। माना जाता है कि इससे युवाओं का एक वर्ग विपक्ष की ओर आकर्षित भी हुआ। कांग्रेस की सीटें बढ़ने में इस वायदे की भी बड़ी भूमिका मानी जा रही है। बजट में सरकार ऐसी योजना तो लेकर नहीं आई, अलबत्ता वह युवाओं के लिए इंटर्नशिप योजना लेकर आई है। जिसके तहत हर साल एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप दी जानी है, जिसके लिए उन्हें पांच हजार रूपए मासिक और एक मुश्त साल में एक बार छह हजार रूपए भी दिए जाने हैं। करीब चार करोड़ दस लाख युवाओं को कुशल बनाने की भी योजना लाई गई है। इन्हीं योजनाओं का हवाला देकर कांग्रेस सरकार पर आरोप लगा रही है कि उसके वायदे को सरकार ने कॉपी कर लिया है। इसके बहाने वह कांग्रेस पर हमलावर भी है।

चाहे सरकार को विपक्ष, सबका दावा है कि उनकी राजनीति का उद्देश्य देश के लोगों का जीवन स्तर सुधारना है। सवाल यह है कि जब सबका यही उद्देश्य है तो कल्याणकारी योजनाएं कोई भी लाए, उसे खुश होना चाहिए। कांग्रेस को तो वाकई में प्रसन्न होना चाहिए कि उसका वायदा इतना ताकतवर रहा कि उसे अपनाने के लिए उसकी कट्टर विरोधी बीजेपी की सरकार को मजबूर होना पड़ा। लेकिन हकीकत में कांग्रेस खुश नहीं है, उसे लगता है कि सरकार ने सत्ता के जरिए उसका मुद्दा लपक लिया है। कांग्रेस को डर है कि अगर इस प्रस्ताव को ईमानदारी से लागू कर दिया गया तो उसकी ओर आकर्षित हो रहे युवाओं के आकर्षण में कमी आ सकती है। जिसकी वजह से उसे सियासी नुकसान हो सकता है या भविष्य में जितने फायदे मिलने की उम्मीदें रहीं हैं, वह पूरा नहीं हो पाएगा।

सत्ता संभालने की बात हो या उसके विरोध की, सबका उद्देश्य जब राजनीति ही है तो फिर सरकारी कदमों में राजनीति ना होने की उम्मीद पालना बेमानी ही कहा जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी अगर राजनीति में हैं तो वह संत की भूमिका निभाने के लिए नहीं हैं और अगर राहुल भी राजनीति में हैं तो वह अध्यात्म की सेवा करने के लिए नहीं हैं। इसलिए बजट हो विरोध, राजनीति होगी। लिहाजा बजट को लेकर आरोप लगाना कि यह राजनीति बजट है, उसका कोई मतलब नहीं। राजनीति तो यह समझती ही है, आम वोटरों को भी यह जल्द से जल्द समझ लेना चाहिए।

**( ये लेखक के विचार हैं )**

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

रमन (प्रा.) आई.टी.आई.
Recognised by: NCVT & DGT NEW DELHI, GOVT. OF INDIA
COPA
कोपा
STENOGRAPHER (Hindi)
स्टेनोग्राफर (हिन्दी)

योग्यता 10वीं उत्तीर्ण
(एक वर्षीय पाठ्यक्रम) - प्रवेश प्रारंभ
प्रवेश लेने पर फीस में विशेष छूट
एवं फीस मासिक किस्तों में
शासन द्वारा प्रदत्त छात्रवृत्ति योजना
Raman I.T.I. : बाबा दीप सिंह नगर (वैशालीनगर), भिलाई, जिला-दुर्ग, छ.ग.
Call : 0788-4033571, 7389471941, 0788-4903573 4903572, 7773027492



# श्रीकंचनपथ
भिलाई–दुर्ग



ITR फाईल बनवाएं मात्र 499/-
• TDS रिफंड • GST रजिस्ट्रेशन • इनकम TAX फाइल
• प्रोजेक्ट रिपोर्ट • MSME रजिस्ट्रेशन • GST रिटर्न फाइल
• CMA DATE • फूड लाइसेंस • BALANCE SHEET
हमारे TAX EXPERT आपकी मदद हेतु तैयार हैं
संपर्क : शेखर गुप्ता, मो. 93007-55544, 8878655544
D-6 सेक्टर-2, गुरुद्वारा के सामने देवेन्द्र नगर रायपुर




## खास खबर

### मवेशियों के कारण सडक़ो पर ट्रेफिक जाम की स्थिति: वोरा



**दुर्ग।** सडक़ो पर घुम रहे मवेशियों के कारण गंभीर हादसे की आशंका व्यक्त करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कहा कि भाजपा गाय और गोबर जैसे विषयों पर केवल राजनीति करती है। कांग्रेस सरकार की योजनाओं का नाम बदलकर अपनी पीठ थपथपा रही है। वहीं रात्रि में पुलगांव ओवरब्रिज की मुख्य सडक़ पर दुर्घटना के शिकार बेजुबान गौवंश की मृत्यु हो गई व कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। कुछ ही दूरी पर पुलगांव स्थित गौठान की भी स्थिति बदहाल है पशु सडक़ो पर विचरण कर रहे है जिसके चलते दुर्घटनाओं में गौवंशो की मृत्यु तथा कभी-कभी गौवंशो के कारण निगम क्षेत्र में सामने आ रहे राहगीरों के साथ अप्रिय घटनाएं निर्मित हो रही है। छत्तीसगढ़ राज्य में दुर्ग शहर ऐसा शहर हो गया है जहां लोग सडक़ो पर मावेशियों के बैठने से परेशान है। वहीं सडक़ो पर ट्रेफिक्र जाम की स्थिति व आए दिन मवेशियों व आमजन भी दुर्घटना का शिकार हो रहे है। गौठानों में पशुओं का ना ईलाज हो रहा है और ना ही उन्हे ठीक ढंग से उन्हे चारा पानी मिल रहा है। प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिए जाने के कारण दुर्घटना में पशुधन की मौत हो रही है। रोका-छेका कार्यक्रम को भी लगभग बंद कर दिया गया। जिससे हजारों जानवर गली मोहल्लो की सडक़ो में नजर आ रहे है।

### कर्बला के शहीदों को याद किया अल मदद सोसाइटी ने

**भिलाई।** सामाजिक संस्था अल मदद एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी भिलाई की ओर से 'याद-ए-इमाम हुसैन' का आयोजन जामा मस्जिद सेक्टर-6 के कम्युनिटी हॉल में रखा गया। इस दौरान कर्बला के शहीदों का जिक्र हुआ और उनकी शहादत को याद किया गया। नात शरीफपेश की गई और फातिहा ख्वानी भी हुई। वहीं मदरसों में तालीम हासिल कर रहे बच्चों और आए हुए तमाम लोगों के बीच खिचड़ा तकसीम किया गया।

### भिलाई महिला समाज ने हर्षोल्लास से मनाया 67वां स्थापना दिवस समारोह

# घर तक सीमित नहीं रही, ऑटो से लेकर फाइटर प्लेन तक उड़ा रहीं हैं महिलाएं : अरुणा पाल्टा

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। अंचल और देश की प्रमुख समाजसेवी महिला संगठनों में से एक इस्पात नगरी, भिलाई की सशक्त महिला संगठन, भिलाई महिला समाज ने 4 अगस्त, 2024 को अपना 67वाँ स्थापना दिवस उत्साह एवं उल्लासपूर्वक मनाया। यह समारोह सिविक सेंटर स्थित, महात्मा गांधी कला मंदिर, भिलाई में आयोजित किया गया। समारोह में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग की पहली महिला कुलपति डॉ अरुणा पाल्टा जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। भिलाई महिला समाज की अध्यक्ष त्रिपर्णा दासगुप्ता ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस मौके पर मुख्य अतिथि डॉ.अरुणा पाल्टा ने कहा कि अब महिलाएं घर तक सीमित नहीं रही हैं। ऑटो रिक्शॉ से लेकर फ़ाइटर प्लेन तक उड़ा रही हैं।

इससे पहले कार्यक्रम में अतिथियों के आगमन पर बैज लगाकर एवं पुष्प गुच्छ से उनका स्वागत किया गया। तत्पश्चात् मुख्य अतिथि डॉ अरुणा पाल्टा तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही भिलाई महिला समाज की अध्यक्ष श्रीमती त्रिपर्णा दासगुप्ता सहित उपस्थित अन्य अतिथियों द्वारा श्री गणेश जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया गया। इसके उपरांत श्री गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।समारोह की मुख्य अतिथि डॉ अरुणा पाल्टा जी ने बीएमएस की पदाधिकारियों और उपस्थित सभी महिलाओं को सम्बोधित करते हुए, भिलाई महिला समाज को 67वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी।





#### हर क्षेत्र में काम कर रही हैं महिलाएं

कुलपति डॉ. अरुणा पाल्टा ने कहा कि महिलाएं हर तरह के क्षेत्रों में अग्रणी पदों पर कार्य कर रही हैं। आप झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई या अहिल्या देवी होलकर जैसी महिलाओं को याद कर लीजिए आपको ऐसी अनेकों महिलाएं मिलेंगी जिन्होंने समाज को अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है। और अब हमारे देश के चंद्रयान परियोजना को ही देख लीजिए, जिस पर देश आज गर्व करता है, इस परियोजना में कई महिला वैज्ञानिकों ने प्रमुख पदों पर काम किया और इसे सफ़ल बनाया है। पहले उच्च शिक्षा में महिलाएं केवल स्नातक की डिग्री हासिल करती थीं और फ़िर उनकी शादी कर दी जाती थी, लेकिन आज मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि मेरे विश्वविद्यालय के पिछले दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वालों में अधिकांश विद्यार्थी, महिलाएं ही थीं। डॉ. अरुणा पल्टा ने कहा, वर्तमान समय में महिलाएं न केवल हर क्षेत्रों, प्रोफेशन और शिक्षा में भाग ले रही हैं बल्कि उनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन भी कर रही हैं। हालाँकि, उनकी प्रगति के साथ, वर्तमान परिदृश्य भी बदल गया है, समाज अस्थिर हो रहा है क्योंकि महिलाओं पर पुरुषों की तुलना में चार गुना अधिक काम का बोझ है इसलिए पुरुषों को भी महिलाओं की जिम्मेदारियों का बोझ उठाना चाहिए और अपने जीवन और परिवार को सफ़लतापूर्वक चलाने के लिए एक-दूसरे का पूरक बनना चाहिए।

#### महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने में आगे हैं संस्था

समाज के कमजोर वर्ग की महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने और उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने के लिये, भिलाई महिला समाज प्रारम्भ से ही विभिन्न इकाईयों का संचालन करती आ रही है। जिसमें, स्टेशनरी इकाई, दस्ताना इकाई, मसाला केन्द्र, समृद्धि फ्यूल्स आदि शामिल है। भिलाई महिला समाज ने अपने पर आश्रित सभी सदस्य बहनों के वित्तीय प्रकरणों को हल करने का सदैव प्रयास किया है, इसमें संयुक्त सदस्यों के प्रतिभावान बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है और जरूरतमंद दिव्यांग सदस्यों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराये जाते हैं। भिलाई महिला समाज ने आज 67 वर्ष पूर्ण कर यह साबित कर दिया है, कि इतने लंबे समय तक किसी संगठन को सक्रिय बनाये रखना, कठिन परिश्रम और दृढ़संकल्प से ही सम्भव हो सकता है। मुझे पूरा विश्वास है कि भिलाई महिला समाज आगे भी निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर रहेगा।

#### महिलाओं के सहयोग से ऊंचाईयों पर पहुंचा भिलाई महिला समाज

भिलाई महिला समाज की अध्यक्ष त्रिपर्णा दासगुप्ता ने कहा कि भिलाई महिला समाज के स्थापना दिवस पर आयोजित समारोह में आप सभी को संबोधित करते हुये मुझे बहुत ही प्रसन्नता हो रही है। मैं भिलाई महिला समाज की सभी सदस्य बहनों को स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई तथा शुभकामनायें देती हूँ। आप सभी के सहयोग से ही आज भिलाई महिला समाज इन उंचाईयों तक पहुंच पाया है। एकता, समर्थन, निष्ठा और विश्वास की शक्ति की नींव पर स्थापित यह मजबूत संगठन उन सभी महिलाओं की मेहनत का प्रतिफ़ल है, जिन्होंने अपने सामने आने वाली चुनौतियों का सामना करते हुए इसको सशक्त बनाया है।

#### महासचिव ने किया उत्कृष्ट कार्यों का वर्णन

भिलाई महिला समाज की महासचिव साधना गोयल ने विगत वर्षों में भिलाई महिला समाज द्वारा किये गए क्रमशः उत्तरोतर प्रगति और उत्कृष्ट कार्यों का वर्णन किया। उन्होंने मुख्य अतिथि, उपस्थित जनों और सभी सहयोगी विभागों का धन्यवाद करते हुए कहा, कि यह आयोजन आप सबकी भागीदारी से ही सफ्लतापूर्वक सम्भव हुआ है। समारोह में भिलाई महिला समाज की उपाध्यक्ष नीरजा कुमारी सिंह, अतिरिक्त उपाध्यक्ष प्रणोती मुखोपाध्याय, अतिरिक्त उपाध्यक्ष मोली चक्रवर्ती, अतिरिक्त उपाध्यक्ष मीरा पंडा, अतिरिक्त उपाध्यक्ष स्मिता गिरी, महासचिव साधना गोयल, सहसचिव सोनाली रथ, कोषाध्यक्ष शिखा जैन, सह-कोषाध्यक्ष दीपान्विता पाल एवं भिलाई महिला समाज की विभिन्न उत्पादक इकाइयों की प्रभारी एवं सदस्यगण उपस्थित थीं।

#### सेक्टर-8 क्लब को मिला श्रेष्ठ क्लब का खिताब

इस दौरान समारोह में भिलाई महिला समाज द्वारा संचालित 10 क्लबों और 6 इकाइयों को प्रोत्साहित किया एवं श्रेष्ठ क्लब का खिताब सेक्टर-8 क्लब को मिला, जिसे नलिनी श्रीवास्तव ट्रॉफी से पुरस्कृत किया गया। समारोह के आकर्षण का केन्द्र भिलाई महिला समाज के सदस्यों द्वारा प्रस्तुत साँस्कृतिक कार्यक्रम रहे। जिसमें विभिन्न क्लबों के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसमें देशभक्ति नृत्य, महिषासुर मर्दिनी नृत्य, भोजपुरी नृत्य, किसान की आस नामक नृत्य नाटिका आदि की प्रस्तुति दी गयी।

## आभार दिल से को मिल रहा व्यापारियों का समर्थन

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज भिलाई इकाई द्वारा आयोजित 'आभार दिल से' इस अभियान को व्यापरियों द्वारा अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। व्यापारी वर्ग इस बात को लेकर बेहद प्रसन्न है कि चेम्बर के पदाधिकारियों एवम स्वयं महामंत्री अजय भसीन आभार करने व समस्या के समाधान पर चर्चा करते है। रविवार को अभियान का ये दल सब्जी मंडी सुपेला व सेक्टर 6 ए मार्किट में व्यापरियों से मिला एवम आभार करके सफ्ल 3 वर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित की।

सब्जी मंडी सुपेला में अरविंद गुप्ता ने कहा कि भिलाई से प्रतिदिन रायपुर जाकर चेम्बर के कार्यों को व्यापरियों के हित के लिए ,व्यापरियों की जागरूकता के लिए व व्यापरियों के सम्मान के लिए सतत क्रियाशील महामंत्री के रूप में अजय भसीन चेम्बर के लिए तो मील का पत्थर है ही भिलाई क्षेत्र का नाम भी रोशन कर रहे है। इस आभार यात्रा में व्यापरियों ने बाजार की सुविधाओ पर भी ध्यान केंद्रित कराया।मुख्य रूप से सब्जी मंडी में सफाई, शौचालय व पार्किंग की समस्या से अवगत कराकर समाधान की अपेक्षा रखी।

आभार यात्रा प्रतिदिन अलग अलग मार्किट जाकर व्यापरियों से मुलाकात करती है। यात्रा का मुख्य उद्देश्य व्यापरियों से रूबरू होना ,उनकी समस्या को समाधान की ओर ले जाना व अपने चेम्बर के सदस्यों को चेम्बर के विकसित कार्यो से अवगत कराना है। इस यात्रा में भिलाई चेम्बर से गारगी शंकर मिश्रा, चिन्ना राव, विनय सिंग, प्रेम रतन गहलोत व सुनील मिश्रा शामिल थे। यह जानकारी शंकर सचदेव ने दी।

## विशाल कांवड़ यात्रा में विधायक देवेंद्र प्राचीन शिव मंदिर में करेंगे जलाभिषेक
## कावड़ में जल लेकर पैदल यात्रा करते हुए जायेंगे देव बलौदा शिव मंदिर

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। हर साल की तरह इस वर्ष भी जय हनुमान सेवा वाहिनी द्वारा विशाल कांवड़ यात्रा का भव्य आयोजन किया जाएगा। 12 अगस्त को सुबह 6 बजे भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव शिवनाथ नदी में स्नान कर अपने कांवड़ में शिवनाथ नदी का जल भरकर हर हर महादेव का जयकारा करते हुए निकलेंगे।



उनके साथ बाबा भोले नाथ के हजारों भक्तों विधायक श्री यादव के साथ कावड़ यात्रा निकालेंगे। शिवनाथ नदी से अपने कावड़ में जल भरकर भक्त पैदल-पैदल हर-हर महादेव का जयकारा लगाते हुए देवबलोदा प्राचीन मंदिर पहुंचेगे। देव बलौदा के प्राचीन मंदिर में शिवलिंग पर जलाभिषेक करेंगे।

इस भव्य आयोजन का नेवता सेवा वाहिनी जिले के सभी लोगों को दे रहे है। राजनीति से पूरी तरह से परे होकर सिर्फबाबा भोलेनाथ की भक्तिमय इस धार्मिक आयोजन में सभी बाबा के भक्त के रूप में शामिल होंगे। इस भव्य आयोजन में शामिल होने और भक्तों की सेवा और स्वागत के लिए शहर के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, बुद्धजीवी वर्ग सभी अपना वीडिया शेयर करके लोगों से अपील कर रहे हैं।

विधायक देवेंद्र यादव ने सभी को आमंत्रित करते हुए कि कहा कि शिवनाथ नदी से जल लेकर प्राचीन मंदिर देवबलोदा पहुंचेंगे। जहां सभी भक्त पूजा अर्चना करेंगे। सभी भिलाईवासियों से अनुरोध है कि इस यात्रा में शामिल होकर यात्रा को सफ्ल बनाएं और शहर व प्रदेश के लिए शिवजी से कामना करें और सभी के जीवन में खुशहाली आए, यह भाव लेकर आगे बढ़े। हर साल की तरह इस साल भी विशाल कावड़ यात्रा निकाली जाएगी। सभी कावड़ियों के लिए कावड़ और कलश की व्यवस्था रहिये। जिनके पास सुविधा है, वे अपने साथ कावड़ और ध्वज खुद भी लेकर आ सकते है।

# भिलाई भाजपा कार्यालय में दिखी हरेली की धूम

## विधायक रिकेश ने किया सुआ नृत्य

श्रीकंचनपथ न्यूज


**भिलाई।** हरेली पर्व के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल एवं वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन शामिल हुए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाएं हरे रंग के ड्रेस कोड में नजर आईं, हरा रंग हरियाली का प्रतीक होता है और हरेली त्यौहार हरियाली को दर्शाता है। इस मौके पर मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल एवं विधायक रिकेश सेन सहित सभी उपस्थित लोगों ने गेड़ी चढ़ हरेली त्यौहार का आनंद लिया। कार्यक्रम के दौरान विधायक रिकेश सेन ने महिलाओं के साथ छत्तीसगढ़ी गाने पर सुआ नृत्य कर उपस्थित महिलाओं और भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन किया।

बता दें कि छत्तीसगढ़ के प्रथम त्यौहार हरेली के शुभ अवसर पर वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रिकेश सेन ने जिला भाजपा कार्यालय की केयर टेकर टिकेश्वरी जंघेल के नृत्य से प्रभावित होकर उन्हें एक नया मोबाइल सेट भेंट किया। साथ ही उनके परिवार को प्रधानमंत्री आवास दिलाने की घोषणा की। इतना ही नहीं विधायक ने उपस्थित सभी महिलाओं को भी उपहार वितरित किए।

विधायक रिकेश सेन ने अपने संबोधन में कहा कि आज से छत्तीसगढ़ में त्यौहारों की शुरुआत हो गई है, आने वाले दिनों में राखी, तीजा सहित अन्य सभी त्यौहार धूमधाम से मनाया जायेगा। आज हरेली त्यौहार वैशाली नगर विधान सभा क्षेत्र के सभी वार्डों में पारंपरिक ढंग से सुबह से उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। विभिन्न वार्डों में आयोजित कार्यक्रमों में भी मैं सम्मिलित हुआ। गौरतलब हो कि वार्ड में



आयोजित कार्यक्रमों में विधायक रिकेश सेन द्वारा लगभग 1 हजार गेड़ी का वितरण किया गया। जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित हरेली त्यौहार कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष महेश वर्मा, जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह, श्रीमती मिथिला खिचरिया, पुरूषोत्तम देवांगन, विनोद सिंह, विजय जायसवाल, उपासना साहू, प्रमोद सिंह, खिलावन साहू, वीरेंद्र साहू, गजानन, तिलक राज, शैलेंद्र शिंदे, एसएन सिंह, योगेश्वर सोनी जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष स्वीटी कौशिक, जिला भाजयुमो अध्यक्ष अमित मिश्रा के आलावा कई पार्षद, विधायक प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।


Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65

Maa Durga Electronics
9827183839
Rohit Electronics
94242-02866
Premier sales: 8959493000
A Leela Electronics: 9425507772
Reena Electronics: 9329132299
Shree Electronics: 7000827361
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...



### शिवनाथ नदी से शिव भक्तों ने निकाली डाक कांवड़ यात्रा

**भिलाई।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में श्रावण मास के पावन पर्व पर 5 अगस्त सोमवार को भव्य डांक कांवड़ यात्रा निकाला गया। शिवभक्तों ने शिवनाथ नदी में स्नान करके भगवान शिवजी की पूजा अर्चना किया गया। इसके बाद शिवनाथ नदी से जल लेकर दौड़ते हुए महमरा घाट शिवनाथ नदी से गंजपारा पटेल चौक, जेल चौक से होते हुए महाराजा चौक, बोरसी होते हुए महावीर उद्यान धनोरा पहुंचकर भगवान भूतभावन भोलेनाथ मे जल चढ़ाकर पूजा पाठ किया गया। यह प्रथम डाक कांवर यात्रा है। इसके बाद 12 अगस्त सोमवार को दूसरा डांक कांवड़ यात्रा निकाला जाएगा जिसमें गाजे-बाजे के साथ शिवनाथ नदी से जल लेकर महावीर उद्यान आकर रुद्र महाअभिषेक व पूजापाठ, हवन का कार्यक्रम पंडितों द्वारा मंत्रोंचार के साथ किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह लेकर रात तक चलेगा। साथ ही दोपहर 3 बजे से खिचड़ी प्रसाद वितरण किया जाएगा। शाम 4 बजे से महिला मानस मंडली धनोरा की बहनों द्वारा मानस गान, शिव भजन कीर्तन प्रस्तुत किया जाएगा। इस डांक कांवड़ यात्रा में मुख्य रूप से दरबार के लक्ष्मण बाबा, राजू यादव, विनोद साहू, गुलाब साहू, मनोज पटेल, कुंज लाल साहू, जीवराखन ठेकेदार, डां धनेशवर साहू, गज्जू रायपुरिया, मनसुखा साहू, बबलू साहू, चीन्टू साहू, भोलू साहू, योगेश साहू सहित अन्य भक्तों का योगदान रहेगा। यह डांक कांवड़ यात्रा को सफल बनाने के लिए बाबा दरबार धनोरा के लक्ष्मण बाबा ने सभी भक्तों से अपिल की है कि 12 अगस्त को गाजे-बाजे के साथ भव्य डाक कांवड़ यात्रा में शामिल होने की अपील की है। यह जानकारी दरबार प्रति निधी चंद्र कांत कोसरे एवं कुंज लाल साहू ने दी है।

### भाठागांव में रही हरेली की धूम

**रायपुर।** हरेली तिहार के अवसर पर आज भाठागांव में गेड़ी दौड़, फुगड़ी संहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन खूबचंद ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा किया गया। जिसमे 100 से ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया।गेड़ी दौड़ का इतना आकर्षण था कि 6 साल के बच्चों के साथ 60 के बुजुर्गों ने भी इस प्रतियोगिता में भाग लेकर सभी को अचंभित कर दिया। स्कूल एवं कॉलेज की छात्राओं ने फुगड़ी प्रतियोगिता में अपना हुनर दिखाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगरनिगम रायपुर के अध्यक्ष प्रमोद दुबे, शहर कांग्रेस अध्यक्ष गिरीश दुबे तथा विशिष्ट अतिथि पार्षद सतनाम पनाग,उत्तम साहू, एवं प्रशांत ठेंगड़ी ने प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया। छत्तीसगढ़ के प्रमुख त्यौहार में प्रथम त्यौहार के रूप में हरेली त्यौहार को धूमधाम से मनाया जाता है। नीम पत्ती बांट कर आपसी कड़वाहट दूर करने की परंपरा है। कार्यक्रम में प्रमोद दुबे ने पहले गेड़ी,रापा,धमेला,हल,की पूजा करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार के रहते इसे सभी मोहल्लों में मनाए जाने की रीत बन गई है साथ ही श्री दुबे ने गौ माता की पूजा अर्चना गौठान में किया और लोंदी व चारा खिलाकर पूरे राज्य के लिए सुख समृद्धि और कृषि की उन्नत फसल पैदावार की कामना की।

कृषि औजारों और गेड़ी की पूजा कर परंपरागत रूप से हरेली त्योहार मनाया

# हरियाली और समृद्धि का संदेश लेकर आया हरेली पर्व- उद्योगमंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** कोरबा के बालकोनगर के रामलीला मैदान में सार्वजनिक हरेली आयोजन समिति द्वारा आयोजित हरेली कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में वाणिज्य, उद्योग और श्रममंत्री लखनलाल देवांगन शामिल हुए। इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने कृषि औजारों और गेड़ी की पूजा कर परंपरागत रूप से हरेली त्योहार मनाया। उन्होंने छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना कर अच्छी फसल और किसानों की खुशहाली व समृद्धि की कामना की। उन्होंने प्रदेश के पारंपरिक पर्व हरेली तिहार के अवसर पर आम नागरिकों को अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ एक कृषि प्रधान राज्य है। हरियाली अमावस्या को मनाया जाने वाला हरेली त्यौहार का छत्तीसगढ़ के जनजीवन में व्यापक प्रभाव देखा जा सकता है। इस दिन किसान भाई नांगर (हल) एवं कृषि औजार की पूजा करते है, जो हमारे कृषि प्रधान संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। वहीं दूसरी ओर देखा जाए तो हरेली पर्व का महत्व धरती को हरा-भरा बनाये रखने के लिए पेड़-पौधे की महत्ता को भी प्रदर्शित करता है।

मंत्री श्री देवांगन ने आयोजक समिति को हरेली आयोजन के लिए प्रतिवर्ष 50 हजार रूपए की राशि देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि हमारी आने वाली पीढ़ी को इस पर्व की जानकारी होने चाहिए। आप सभी के द्वारा प्रयास किया जा रहा है। इसकी जितनी भी सराहना की जाए, उतनी कम है। मंत्री श्री देवांगन ने आयोजक समिति से आने वाले वर्ष में ओर भी भव्य तरीके से आयोजित करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने सांस्कृतिक नृत्य, मटका फोड़, गेड़ी दौड़ प्रतियोगिता में शामिल होने वाले बच्चों को पुरुस्कृत कर उनकी हौसला अफजाई की।

इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद नरेंद्र देवांगन, बालको मंडल के अध्यक्ष शिवबालक तोमर, सत्येंद्र दुबे, पार्षद लुकेश्वर चौहान, समिति के सदस्य अशोक पटेल, अमर साहू, जितेंद्र वर्मा, धरम साहू समेत अन्य उपस्थित रहे।

# किसान 16 अगस्त तक कर लें फसलों का बीमा, सरकार ने बढ़ा दी बीमा की तिथि



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। शासन द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत खरीफ 2024 में किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए फसलों की बीमा कराने की तिथि को बढ़ाते हुए 16 अगस्त कर दिया गया है। भारत सरकार ने सभी अधिसूचित फसलों के लिए ऋणी एवं अऋणी किसानों के नामांकन के लिए कट ऑफ की तिथि को 16 अगस्त कर दिया है। जिले के कृषकों से निर्धारित तिथि तक अपने फसलों का बीमा कराने की अपील की गई है।**

कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत प्रदेश के किसान मुख्य फसल धान सिंचित, धान असिंचित एवं अन्य फसल मक्का, मूंगफल्ली, मूंग, उड़द, सोयाबीन, अरहर, कोदो, कुटकी, रागी का बीमा करा सकते हैं। किसानों के फसल को प्रतिकूल मौसम, सूखा, बाढ़, जलप्लावन, कीटव्याधि, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान से राहत दिलाने के लिए बीमा में शामिल किया गया है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत ऋणी एवं अऋणी किसान जो भू-धारक व बटाईदार हो सम्मिलित हो सकते हैं, जो किसान अधिसूचित ग्राम व राजस्व निरीक्षक मंडल में अधिसूचित फसल के लिए वित्तीय संस्थानों से मौसमी कृषि ऋण स्वीकृत, नवीनीकृत की गई हो। योजना ऋणी कृषकों के लिए विकल्प चयन आधार पर क्रियान्वित होगी, ऋणी कृषक जो योजना में शामिल नहीं होना चाहते है, उन्हें स्व हस्ताक्षरित घोषणा पत्र बीमा आवेदन के अंतिम तिथि के 7 दिवस पूर्व तक संबंधित वित्तीय संस्था में जमा करना होगा। विकल्प चयन नहीं करने पर अनिवार्य रूप से बीमाकृत किया जाएगा। इनके अलावा ऐच्छिक आधार पर अधिसूचित फसल उगाने वाले सभी गैर ऋणी किसान जो योजना में सम्मिलित होने के इच्छुक हो, वह बुआई प्रमाण पत्र क्षेत्रीय पटवारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा सत्यापित कराकर एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर योजना का लाभ ले सकते हैं।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत मौसम खरीफवर्ष 2024-2025 तक जिले के लिए भारतीय कृषि बीमा कंपनी का चयन निविदा के आधार पर हुआ हैं। किसानों द्वारा प्रदाय किए जाने वाली प्रीमियम दर, खरीफवर्ष 2024 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत कुल बीमित राशि का 2 प्रतिशत मुख्य फसल धान सिंचित 1200 रूपए, धान असिंचित 900 रूपए एवं अन्य फसल मक्का 900 रूपए, मूंगफल्ली 840 रूपए, मूंग एवं उड़द 540 रूपए, सोयाबीन 960 रूपए, अरहर 760 रूपए, कोदो 320 रूपए, कुटकी 340 रूपए एवं रागी 300 रूपए किसानों द्वारा प्रीमियम राशि देय है। एक ही अधिसूचित क्षेत्र एवं अधिसूचित फसल के लिए अलग-अलग वित्तीय संस्थाओं से कृषि ऋण स्वीकृत होने की स्थिति में किसानों को एक ही स्थान से बीमा कराया जाना है। इसकी सूचना किसानों को संबंधित बैंक को देनी होगी। ऋणी एवं अऋणी किसानों द्वारा समान रकबा, खसरा का दोहरा बीमा कराने की स्थिति में जो रकबा पहले प्रविष्टि की गई हो, को स्वीकार किया जाएगा तथा अन्य सभी बीमा को कंपनी द्वारा निरस्त किया कर प्रीमियम की राशि योजना प्रावधानानुसार अंतरित (राजसात) किया जाएगा। इसके संबंध में देशव्यापी हेल्पलाइन नंबर 14447 एवं 18004190344 से भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। कृषक निर्धारित अंतिम तिथि अपने फसलों का बीमा कराकर पावती अवश्य कर ले। बीमा हेतु आधार कार्ड अनिवार्य है एवं ऋण पुस्तिका, बैंक पासबुक, बुवाई प्रमाण पत्र की आवश्यकता पड़ती है। इसके लिए अपने समिति, संबंधित बैंक, बीमा प्रदायक कंपनी भारतीय कृषि बीमा कंपनी, लोक सेवा केन्द्र, एआईडीई मोबाइल एप से भी अपने फसलों का बीमा करा सकते हैं।

# हरेली तिहार के दिन 535 चिकित्सा अधिकारियों की हुई संविदा नियुक्ति

**सीएम साय की पहल और स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश पर पदस्थापना आदेश जारी**



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर हरेली तिहार के दिन राज्य के लोगों को एक बड़ी सौगात मिली है। मुख्यमंत्री की पहल पर राज्य में 535 चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की गयी है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर पदस्थापना आदेश जारी किया गया है। इन चिकित्सकों की नियुक्ति से राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा और दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को भी बेहतर और गुणवत्ता पूर्ण चिकित्सा सुविधा का लाभ मिलेगा।

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के द्वारा चिकित्सा स्नातक एमबीबीएस पाठ्यक्रम 2018 बैच के चिकित्सा स्नातकों को निष्पादित अनुबंध अनुसार दो वर्ष की संविदा सेवा का अवसर दिया गया है। इन चिकित्सा अधिकारियों में बालोद जिले में 22, बेमेतरा में 10, धमतरी में 6, दुर्ग में 55, गरियाबंद में 6, कबीरधाम में 20, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 8, महासमुंद में 34 चिकित्सा अधिकारियों की पदस्थापना की गयी है। इसी प्रकार मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में 3, रायपुर में 42, राजनांदगांव में 22, बलौदाबाजार-भाटापारा में 3, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 15, बिलासपुर में 22, जांजगीर-चांपा में 12, गौरेला-पेण्ड्रा-मारवाही में 4, कोरबा में 32, मुंगेली में 3, रायगढ़ में 42, सक्ती में 1 स्नातक चिकित्सा अधिकारी की नियुक्ति की गयी है।

इसी प्रकार बस्तर में 17, बीजापुर में 5, दंतेवाड़ा में 13, कांकेर में 19, कोण्डागांव में 7, नारायणपुर में 1, सुकमा में 11, बलरामपुर में 19, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 16, जशपुर में 21, कोरिया में 6, सूरजपुर में 6 तथा सरगुजा जिले में 32 स्नातक चिकित्सा अधिकारी की नियुक्ति की गयी है।

## राजस्व मंत्री ने गीत गाकर उत्सव में बांधा समां

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राजधानी रायपुर के शंकर नगर स्थित राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के निवास पर आयोजित हरेली तिहार कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने राजस्व मंत्री के साथ कृषि यंत्रों की विधि-विधान से पूजा की और सभी को हरेली पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने हरेली तिहार कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों द्वारा छत्तीसगढ़ के पारंपरिक गीतों से सजी संगीतमयी प्रस्तुति का भी आनन्द लिया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने भी 'मोर गंवई गंगा रे' सुरमयी गीत गाकर उत्सव में समां बांध दिया। मुख्यमंत्री श्री साय ने राजस्व मंत्री श्री वर्मा को हरेली तिहार कार्यक्रम के आयोजन के लिए बधाई दी । मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हरेली पर्व पर सभी ने ठेठरी, खुरमी सहित पारम्परिक व्यंजनों का आनन्द लेते हुए इस पर्व को मनाया है।

# सावन महोत्सव में शामिल हुई मंत्री राजवाड़े



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** भगवान शिव के प्रिय पवित्र सावन माह में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला दुर्ग द्वारा भिलाई के चौहान इंपिरियल में आयोजित सावन उत्सव मेला में मुख्य अतिथि के रूप में महिला एवं बाल विकास व समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े शामिल हुई।

इस अवसर पर मंत्री राजवाड़े ने कहा कि आप सभी इस सावन के पावन माह में भगवान भोलेनाथ का पूजन करें और छत्तीसगढ़ के पहले तिहार हरेली को भी धूमधाम से मनाएं। विष्णु के सुशासन में हमारी सरकार लगातार महिलाओं के लिए कार्य कर रही है जिसमें महतारी वंदन योजना के साथ हाल ही में स्वयं सहायता समूह की बहनों के लिए हर जिले में महतारी सदन बनाने का निर्णय विष्णुदेव साय जी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने लिया है। लगातार कुपोषण को कम करने के लिए मां और बच्चे दोनों को पौष्टिक आहार देने का काम हमारी सरकार लगातार कर रही है। अंत में भगवान शिव से कामना करती हूं कि इस सावन महीने में आप सभी के जीवन में खुशियां भर दें और प्रदेश में खुशहाली बनी रहे।

इस अवसर पर विशेष रूप से दुर्ग सांसद विजय बघेल, दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, अहिवारा विधायक डोमन लाल कोरसेवाड़ा सहित भारी संख्या में महिला मोर्चा की पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे

बड़ा मंदिर में श्रावण कृष्ण हरियाली अमावस्या पर विश्व शांति व समाज कल्याण के लिए की शांति धारा

# सांसारिक दुखों का नाश करने के लिए करते है शांति धारा : श्रेयश जैन

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर (लघु तीर्थ) मालवीय रोड में श्रावण कृष्ण हरियाली अमावस्या निर्वाण संवत 2550, रविवार को विश्व शांति एवं समाज कल्याण के लिए शांति धारा एवं णमोकार मंत्र पूजन का आयोजन किया गया। पूर्व उपाध्यक्ष श्रेयश जैन बालू ने बताया कि आज प्रात: 8 बजे पार्श्वनाथ भगवान की बेदी के समक्ष आध्यात्मिक प्रयोगशाला के माध्यम से 23 वे तीर्थंकर पार्श्वनाथ भगवान की स्फटिक मणि की प्रतिमा को विराजमान कर प्रक्षाल किया गया। विश्व में शांति, समाज कल्याण, के लिए शांति धारा बड़े ही श्रद्धा एवं विश्वास के साथ की गई। आज की शांति धारा का सौभाग्य अक्षत जैन,शैलेंद्र जैन को प्राप्त हुआ।

श्रेयश जैन बालू ने बताया कि आज हर मनुष्य किसी न किसी कारण से दुखी रहता है। इन सांसारिक दुखों का नाश करने के लिए हम प्रभु शांति धारा करते है, जिसमें शांति नाथ एंव पा?श्र्वनाथ प्रभु की अराधना में हम कहते है कि विघ्नों का नाश हो और जीवों को आनंद, यश, धन, धान्य की वृद्धि हो इसके लिए कहते हैं (कुरु-कुरु) फिर संपूर्ण विश्व में शांति हो, समृद्धि हो, सभी का कल्याण हो, दीर्घायु हो, कुल गोत्र का वृद्धि हो और देश प्रदेश, नगर परिवार में शांति हो ऐसी मंगल कामना करते हैं। इस प्रकार धार्मिक कार्य किए जाने से समाज तथा परिवार में भाईचारा, विश्वास, श्रद्धा तथा प्रेम का संचार होता है। प्रभु की शांति धारा को विस्तार से समझाते हुए। उन्होंने कहा कि प्रभु भक्ति से परिवार में समृद्धि, आत्मकल्याण, आत्मिक शांति आदि आती है। आपसी भेदभाव, कलह मिट जाते हैं। आपसी संबंध मजूबत होते हैं। इस सब से पुष्टि, वृद्धि, शांति, कल्याण, कार्य सिद्ध होते हैं। सभी प्रकार के विघ्न मिट कर का संतोष मिलता है। मन पवित्र बनता है। सभी दोष दूर होते हैं। ज्ञान तथा चरित्र में बढोतरी होकर सुखमय बनता है। भय व दोष दूर होता है। जीवन आनंदमय बन कर व्यतीत होता है। अच्छे संस्कार उत्पन्न होते हैं। और अंत में सम्पूजकानां प्रतिपालकानां, यतीन्द्र-सामान्य-तपोधनानाम्।

देशस्य राष्ट्रस्य पुरस्य राज्ञ:, करोतु शान्तिं भगवान् जिनेन्द्र मतलब उपासक, रक्षक, यतीन्द्र, सामान्य, तपस्या के धनी। देश, राष्ट्र और नगर के राजा, भगवान जिनेन्द्र शांति प्रदान करें ऐसी मंगल भावना के साथ शांति धारा की जाती है। आज के इस अवसर पर विशेष रूप से श्रेयश जैन बालू,प्रवीण जैन मामा जी, शैलेंद्र जैन, राशु जैन, प्रणीत जैन,लोकेश जैन,कृष जैन,लोकेश जैन,पलक जैन,अक्षत जैन उपस्थित थे।















# मैंने हमेशा अपने बारे में अच्छी अफवाहें सुनी हैं : प्रज्ञा जायसवाल

तेलुगू सिनेमा में अपने काम के लिए मशहूर अभिनेत्री प्रज्ञा जायसवाल जल्?द ही अपकमिंग फिल्?म खेल खेल में से बॉलीवुड में डेब?यू करने जा रही हैं। उन्?होंने कहा कि हमेशा उन्?होंने अपने बारे में सकारात्मक अफवाहें सुनी हैं और उम्मीद जताई कि ये अफवाहें सच हों।

मुंबई में ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान प्रज्ञा से पूछा गया कि क्या किसी अफवाह ने उनके घर में हलचल मचाई है।

प्रज्ञा ने जवाब दिया, मैंने अपने बारे में कभी कोई नकारात्मक अफवाह नहीं सुनी। मेरे सामने आई सभी अफवाहें अच्छी और सकारात्मक रही हैं।

फिल्म एनबीके 109 के लिए नंदमुरी बालकृष्ण के साथ काम कर रहीं अभिनेत्री ने विभिन्न उद्योगों में काम करने के अपने अनुभव शेयर किए।

प्रज्ञा ने कहा, ये दोनों अनुभव अद्भुत हैं। मैं दो अलग-अलग उद्योगों और भाषाओं में काम करने के लिए आभारी हूं। मैं केवल अच्छी फिल्मों, अच्छी कहानियों का हिस्सा बनने और यादगार किरदार निभाने का प्रयास कर रही हूं। मुझे खुशी है कि मुझे ये अवसर मिल रहे हैं। भाषा मेरे लिए ज्यादा मायने नहीं रखती। मैं सिर्फ अच्छा काम करना चाहती हूं।

खेल खेल में अक्षय कुमार, एमी विर्क, वाणी कपूर, तापसी पन्नू, फरदीन खान, आदित्य सील और प्रज्ञा जायसवाल हैं। यह बॉक्स ऑफिस पर स्त्री 2 को टक?कर देगी।

टी-सीरीज फिल्म वकाउ फिल्म्स और केकेएम फिल्म प्रोडक्शन खेल खेल में मुदस्सर अजीज द्वारा निर्देशित और भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, विपुल डी. शाह, अश्विन वर्दे, राजेश बहल, शशिकांत सिन्हा और अजय राय द्वारा निर्मित है। यह फिल्म 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# विदुथलाई पार्ट 2 से विजय सेतुपति का फर्स्ट लुक आउट, रोंगटे खड़े कर देगा एक्टर का खौफ




साउथ फिल्मों के दमदार एक्टर विजय सेतुपति इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म महाराजा से छाए हुए हैं। फिल्म महाराजा में उनके एक्टिंग और रोल को खूब तालियां मिल रही हैं। इस बीच क्राइम थ्रिलर फिल्म विदुथलाई (2023) के सीक्वल से भी एक्टर चर्चा में हैं। हाल ही में इस विदुथलाई पार्ट 2 पर अपडेट आया था। फिल्म विदुथलाई पार्ट 2 से विजय सेतुपति और मंजू वॉरियर का फर्स्ट लुक सामने आया है। विदुथलाई पार्ट 2 मेकर्स ने सोशल मीडिया पर फिल्म से दो पोस्टर छोड़े हैं।

वेत्रीमारन के निर्देशन में बनी फिल्म विदुथलाई पार्ट 2 की रिलीज डेट का खुलासा अभी नहीं हुआ है, लेकिन फिल्म से आए दो पोस्टर में फिल्म की लीड स्टारकास्ट की शानदार झलक देखने को मिल रही है। फिल्म के पहले पोस्टर में विजय सेतुपति का खूंखार अवतार देखने को मिल रही है। इस पोस्ट में विजय के हाथ में एक खंजर है और वह दहाड़ मारते दिख रहे हैं। वहीं, दूसरी तस्वीर में विजय सेतुपति और मंजू वॉरियर एक रोमांटिक फोटो है, जिसमें वह एक साइकिल पर खड़े हैं।

मेकर्स ने पोस्टर शेयर कर लिखा है, फिल्म की फाइनल स्टेज पर आपके लिए यह तोहफा है। यानि फिल्म अपनी मेकिंग के फाइनल टच पर है। आरएस इंफोटेनमेंट, एल्रेड कुमार, रेड जियांट मूवीज, ए ग्रासरूट फिल्म कंपनी प्रोडंक्शन्स की पेशकश फिल्म में संगीत के सरताज इलैयाराजा का संगीत होगा। फिल्म में एक्टर सूरी बतौर विलेन और विजय बतौर मेंटर के रोल में दिखेंगे। वहीं, बाकी की स्टारकास्ट में सूर्या सेतुपति, भवानी श्रे, राजीव मेनन, तामीझ और गौतम वासुदेव अहम रोल में दिखेंगे। बता दें, विदुथलाई बीती 31 मार्च 2023 को रिलीज हुई थी। रिपोर्ट्स की मानें तो 40 करोड़ रुपये में बनी फिल्म विदुथलाई ने वर्ल्डवाइड 55 करोड़ और इंडिया में 46 ।9 करोड़ कमाए थे।

# कफ सिरप में है विषाक्त पदार्थ का खतरा, खराश मिटाने के लिए अपनाएं ये प्राकर्तिक विकल्प

**एक हालिया रिपोर्ट में पाया गया है कि भारत की 100 से अधिक कफ सिरप में घातक विषाक्त पदार्थ मौजूद हैं।इनमें से कुछ में वही जहरीले पदार्थ मिले, जो गाम्बिया, कैमरून और उज्बेकिस्तान में 141 से अधिक बच्चों की मौत का कारण बने थे।सरकार ने कड़े विनिर्माण मानकों को लागू करने और नियामक निरीक्षण को बढ़ाने का फैसला किया है।गले की खराश को दूर करने और स्वास्थ्य का समर्थन करने के लिए ये 5 घरेलू नुस्खे आजमाएं।**



## शहद खाने से मिलेगी राहत

शहद एक प्राचीन जड़ी बूटी है, जो गले की खराश को शांत करने में प्रभावी मानी जाती है। अगर आपको खांसी की समस्या हो रही है तो एक चम्मच शहद का सेवन करें।यह गले को चिकना बना सकता है, जिससे खांसी से राहत मिल सकती है। आप इसमें भुनी हुई लौंग को मिलाकर इसे अधिक फायदेमंद और असरदार बना सकते हैं।हालांकि, बोटुलिज्म के खतरे के कारण एक वर्ष से कम उम्र के बच्चों को शहद देने से बचें।

## गर्म पेय पदार्थों का करें सेवन

गर्म पेय पदार्थ खांसी और गले की खराश को मिटाने के लिए फायदेमंद होते हैं, क्योंकि ये हाइड्रेशन प्रदान करने में मदद करते हैं।गर्म पानी में नींबू और शहद डालकर पीने से गले की जलन शांत हो सकती है। साथ ही कैमोमाइल या पेपरमिंट जैसी हर्बल चाय भी खराश को दूर करने में सहायता कर सकती हैं।आप अदरक वाली गर्म चाय या कॉफी को डाइट में शामिल करके भी गले को राहत पहुंचा सकते हैं।

## नमक के पानी से गरारे करें

गले की खराश को दूर करने का एक सदियों पुराना नुस्खा है नमक के पानी से गरारे करना। इसकी मदद से गले में होने वाली सूजन और जलन भी आसानी से कम हो जाती है।इसके लिए आपको एक गिलास गर्म पानी लेना है और उसमें एक चम्मच नमक मिलाना है। अब इस पानी को मुंह में भरकर इससे 30 सेकंड तक गरारे करें, फिर थूक दें।आप नमक के पानी को पीकर भी गले को आराम दे सकते हैं।

## स्टीम लेने से मिलेगी मदद

कई बार गले और नाक में बलगम यानि कफ भर जाता है, जिसके कारण खासी और गले में दर्द होता है। इस समस्या के निवारण के लिए डॉक्टर स्टीम लेने की सलाह देते हैं।भाप लेने से बलगम को पतला करके जमाव को बाहर निकालने में मदद मिल सकती है। अगर आपको कंजेशन है, तो एक कटोरी गर्म पानी से स्टीम लें।इसमें नीलगिरी एसेंशियल ऑयल की कुछ बूंदें मिलाने से प्रभाव बढ़ सकता है।

## घर में लगवाएं ह्यूमिडिफायर

सूखी खांसी होने पर गले में जटिल दर्द उठता है और गला पूरी तरह से सूख जाता है। इससे निपटने के लिए आपको अपने कमरे में नमी बनाए रखने की जरूरत पड़ सकती है।इसके लिए घर में एक ह्यूमिडिफायर लगवाएं, जो हवा में नमी जोड़ने का काम करेगा और सूखी खांसी और कंजेशन को दूर करेगा।इससे नाक व गले में जमा हुआ बलगम पिघल जाता है और आसानी से बाहर निकल जाता है।

# ब्लैक रिवीलिंग आउटफिट पहन एक्ट्रेस निकिता दत्ता ने लगाया ग्लैमर का तड़का

**एक्ट्रेस निकिता दत्ता आए दिन अपनी लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका स्टनिंग अंदाज इंस्टाग्राम पर आते ही बवाल मचाने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका बोल्ड एंड ब्यूटिफुल लुक देखकर लोग उनके हुस्न के कायल हो गए हैं।**

कबीर सिंह फेम एक्ट्रेस निकिता दत्ता हमेशा अपने बोल्ड और स्टनिंग लुक्स इंस्टाग्राम पर शेयर कर अक्सर फैंस के बीच सुर्खियां बटौरती रहती हैं।

वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस निकिता दत्ता ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की बेहद ग्लैमरस फोटोज शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर अवतार देखकर लोग अपने होश खो बैठे हैं।

इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस निकिता दत्ता ने बेहद ही स्टाइलिश ब्लैक कलर की साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो बेहद ही सिजलिंग और हॉट नजर आ रही हैं। कानों में इयररिंग्स, खुले बाल, लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस निकिता दत्ता ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। साथ ही इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं।

चाहे इडियन हो या फिर वेस्टर्न लुक एक्ट्रेस निकिता दत्ता हमेशा अपने बोल्ड लुक्स को लेकर इंटरनेट का पारा गर्म करती रहती हैं। बता दें कि एक्ट्रेस निकिता दत्ता सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी ज्यादा जबरदस्त है।



# व्हाइट ऑफ शोल्डर गाउन में तृप्ति डिमरी ने इंटरनेट पर मचाया तहलका

**इन दिनों तृप्ति डिमरी अपनी फिल्म बैड न्यूज को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। ये फिल्म हाल ही में रिलीज हुई है और इस फिल्म में विक्की कौशल के साथ तृप्ति की केमिस्ट्री को लोग काफी ज्यादा पसंद कर रहे हैं। अब एक बार फिर से अभिनेत्री चर्चाओं में आ गई हैं। हाल ही में तृप्ति डिमरी ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं, जिसमें वो काफी ज्यादा स्टनिंग नजर आ रही हैं।**

भाभी 2 के नाम से लोगों के बीच सुर्खियों में बटौरने वाली नेशनल क्रश तृप्ति डिमरी आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी दमदार एक्टिंग से लोगों के बीच अपनी खास पहचान बनाई है।

इन दिनों एक्ट्रेस अपनी फिल्म बैड न्यूज को लेकर काफी चर्चाओं में हैं। इसी बीच हाल ही में तृप्ति डिमरी ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। तृप्ति डिमरी जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल लहोने लगती हैं। फैंस भी उनके हर एक लुक को देखकर तारीफ करते नहीं थकते हैं।


इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी ने व्हाइट कलर का फुल स्लीव्स बॉडीकॉन गाउन पहना हुआ है, जिसमें वो काफी ज्यादा ग्लैमरस नजर आ रही हैं। गले में नेकलेस, ओपन हेयर को स्टाइल देकर और लाइट मेकअप कर के अभिनेत्री ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा करती हैं तो अक्सर सोशल मीडिया का तापमान बढ़ जाता है। साथ ही फैंस भी उनके हर एक लुक को देखकर लाइक्स और कॉमेंट्स करने से नहीं रोक पाते हैं। हालांकि इन तस्वीरों में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। एक यूजर ने फोटोज पर कॉमेंट करते हुए सो ब्यूटिफुल। वहीं दूसरे यूजर ने कॉमेंट करते हुए सो एलिगेंट लिखा है। बता दें कि तृप्ति डिमरी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है।



# नेटफ्लिक्स की राणा नायडू सीजन-2 की शूटिंग शुरू, अर्जुन रामपाल की हुई एक्शन मोड में एंट्री

साउथ सिनेमा के दो सुपरस्टार वेंकटेश और मेगा-ब्लॉकबस्टर फिल्म बाहुबली में भल्लालदेव का रोल कर चुके एक्टर राणा दग्गुबती ने बीते साल (2023) अपनी ड्रामा सीरीज राणा नायडू से डिजिटल पर्दे पर धमाका मचा दिया था। राणा नायडू नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी और ओटीटी के दर्शकों ने इसे खूब प्यार दिया था। राणा नायडू की सक्सेस के बाद से इसके सीजन 2 की चर्चा है। नेटफ्लिक्स ने अपनी मोस्ट अवेटेड सीरीज राणा नायडू के दूसरे सीजन की शूटिंग शुरू कर दी है। नेटफ्लिक्स ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी है। साथ ही नेटफ्लिक्स ने एक दमदार वीडियो भी शेयर किया है। इस वीडियो



से पता चलता है कि राणा नायडू सीजन 2 में अर्जुन रामपाल की एंट्री हो गई है।

राणा नायडू सीजन 2 की पहली झलक में सबसे पहले खून से सना एक क्रिकेट बैट दिखता है और इसके बाद राणा दग्गुबती हाथ में गन लिए शोट करते दिखत हैं। एक के सामने कैमरामैन भी दिख रहे हैं। इसके बाद वेंकटेश का सीन आता है, जिसमें वह एक रेसिंग गाड़ी पर दिख रहे हैं। आखिर में बड़े बाल, काला कुर्ता और उसपर गमछा फुल देसी स्टाइल में अर्जुन रामपाल हाथों में लंबी देसी बंदूक थामे निशाना लगाते दिख रहे हैं।

राणा नायडू में वेंकटेश, राणा दग्गुबती, प्रिया बनर्जी, सुरवीन चावला, गौरव चोपड़ा, सुशांत सिंह, अभिषेक बनर्जी, राजेश जायस, आशिष विद्यार्थी को अहम रोल में देखा गया था। अब राणा नायडू 2 में अर्जुन रामपाल की एंट्री हो गई है। नेटफ्लिक्स ने जो वीडियो शेयर किया है, उसमें वेंकटेश, राणा दग्गुबाती और अर्जुन रामपाल को एक्शन मोड में देखा जा रहा है। इस सीरीज को सुपर्णा वर्मा, अभय चोपड़ा और करण अंशुमन बना रहे हैं। राणा नायडू के बारे में बता दें कि यह साल 2013 में आई अमेरिकन क्राइम टीवी सीरीज रे डोनोवन का ऑफिशियल अडेप्शन है। फिलहाल मेकर्स ने यह जानकारी नहीं दी है कि राणा नायडू सीजन 2 नेटफ्लिक्स पर कब तक स्ट्रीम होगी।

# मानसून में सिर की खुजली से हो गए हैं परेशान? इन 5 घरेलू नुस्खों को अपनाएं

**मानसून में कई कारणों से सिर की खुजली बढ़ सकती है।पहला, यही है कि इस मौसम में नम वातावरण मालासेजिया जैसे कवक के विकास को बढ़ावा देता है, जिससे डैंड्रफ और खुजली हो सकती है।दूसरा कारण हो सकता है कि अतिरिक्त नमी, गंदगी और तेल का जमाव भी सिर पर खुजली बढ़ा सकता है।इसके अतिरिक्त शुष्क स्कैल्प भी इसके लिए जिम्मेदार हो सकता है। आइए इस समस्या के लिए प्रभावी घरेलू नुस्खे जानते हैं।**

## एलोवेरा का करें इस्तेमाल



एलोवेरा मॉइश्चराइजिंग गुणों से भरपूर होता है और ताजा एलोवेरा जेल को अपने सिर पर लगाने से खुजली और सूजन को कम करने में मदद मिल सकती है।लाभ के लिए एक एलोवेरा की पत्ती को बीच में से काटकर उसके जेल को स्कैल्प पर लगाएं। 20 से 30 मिनट के बाद सिर को सौम्य शैंपू से साफ कर लें।यहां जानिए बालों पर एलोवेरा जेल के विभिन्न इस्तेमाल।

## टी ट्री तेल भी कर सकता है मदद

टी ट्री तेल में शक्तिशाली एंटी-फंगल और एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो इसे सिर की खुजली के लिए एक बेहतरीन उपाय बनाता है।लाभ के लिए नारियल या जैतून के तेल जैसे किसी वाहक तेल में टी ट्री तेल की कुछ बूंदें मिलाएं और इस मिश्रण को अपने सिर पर लगाकर हल्के हाथों से मालिश करें।इसे रातभर या कम से कम 30 मिनट के लिए छोड़ने के बाद शैंपू से सिर को साफ कर लें।

## सेब का सिरका है लाभदायक

सेब का सिरका एंटी-माइक्रोबियल, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-फंगल गुणों से युक्त होता है, जो सिर की खुजली को कम करने में मदद कर सकते हैं।लाभ के लिए सेब के सिरके और पानी की बराबर मात्रा को एक स्प्रे बोतल में डालें। इसके बाद इसे अच्छी तरह मिलाकर स्टोर कर लें, फिर जब भी सिर में खुजली हो तो इस मिश्रण का इस्तेमाल करें। हालांकि, इस मिश्रण के इस्तेमाल से पहले त्वचा पर पैच टेस्ट जरूर करें।

## नीम के पत्तियां भी हैं प्रभावी

नीम की पत्तियां एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-फंगल गुणों से भरपूर होती हैं, जो सिर की खुजली को कम कर सकते हैं।लाभ के लिए नीम की कुछ पत्तियों को पानी में लगभग 15 मिनट तक उबालें। इसके बाद मिश्रण को कमरे के तापमान पर ठंडा करें और इसे छानकर एक बाल्टी में डालें।शैंपू करने के बाद अपने सिर को धोने के लिए इसी नमी युक्त पानी का इस्तेमाल करें।यहां जानिए डैंड्रफ से राहत के लिए नीम के इस्तेमाल।

## प्याज का रस लगाएं

प्याज के रस में एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो स्कैल्प के संक्रमण का इलाज और खुजली को कम करने में मदद कर सकते हैं।लाभ के लिए प्याज को एक ब्लेंडर में डालकर अच्छे से ब्लेंड करें, फिर इसके रस को रूई की मदद से अपने सिर पर लगाएं।लगभग 30 मिनट के बाद सिर को सौम्य शैंपू से साफ कर लें।यहां जानिए प्याज के रस के फायदे।

## खास खबर

### किशोर दा के जन्मदिन पर आज रात सजेगी सूरों की महफिल

**भिलाई।** किशोर कुमार फैन्स क्लब एवं एचडी फाउंडेशन के तत्वाधान में किशोर कुमार के जन्मदिन के अवसर पर 5 अगस्त 2024 को नेहरू सांस्कृतिक भवन, सेक्टर-1 में किशोर कुमार नाइट का आयोजन रखा गया है। सोमवार को शाम 6:30 बजे से देर रात सुरों की महफिल सजेगी। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि आईजी रामगोपाल गर्ग, ईडी पवन कुमार तथा दूसरे सत्र में एसपी जितेन्द्र शुक्ला, विधायक ललित चंद्राकर, विधायक रिकेश सेन, होंगे। यह जानकारी अध्यक्ष दुर्गा सिंह सेंगर एवं सचिव उमेश शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से दी गई है।

### सीएम साय की पहल पर जशपुर में 12 सड़कों का होगा निर्माण-उन्नयन

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर जिले में अधोसंरचना कार्य को और भी गति मिलने वाली है। जिले में 12 सड़क मार्गों की निर्माण एवं उन्नयन जल्द ही कराया जाएगा। जिससे आम लोगों को सहूलियत मिलने के साथ आर्थिक गतिविधियों में भी तेजी आएगी। राज्य शासन ने 2023-24 के बजट में शामिल जिला जशपुर के लिए 12 सड़क मार्गों की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। लोक निर्माण विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 2 करोड़ 98 लाख 75 हजार की लागत से बनने वाली 2.80 किमी मोराडीह से सालेकेरा मार्ग का मजबूती निर्माण कार्य, 2 करोड़ 94 लाख 85 हजार की लागत से बनने वाली 2.68 किमी एस.एच-43 से महुआटोली श्रीटोली कमरटोली पहुंच मार्ग, 4 करोड़ 58 लाख 28 हजार की लागत से बनने वाली 4.46 किमी जशपुर के हर्राडांड चौक से गोरिया पहुंच मार्ग, 3 करोड़ 52 लाख 60 हजार की लागत से बनने वाली 2.74 किमी बासनताला से भेंलवाटोली मार्ग, 3 करोड़ 60 लाख 89 हजार की लागत से बनने वाली 3.76 किमी जशपुर के फरसाकानी से ठेठेटांगर पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य कराया जाएगा। इसी तरह 2 करोड़ 33 लाख 46 हजार की लागत से बनने वाली 2.14 किमी एस.एच.-17 से पुटुकेला पहुंच मार्ग, 2 करोड़ 88 लाख 58 हजार की लागत से बनने वाली 2.88 किमी एस.एच.-17 से सरंगडाड़ पहुंच मार्ग, एक करोड़ 70 लाख 95 हजार की लागत से बनने वाली 1.38 किमी बेलसोंगा से रनपुर मार्ग, एक करोड़ 88 लाख 36 हजार की लागत से बनने वाली 1.12 किमी जशपुर के सिंगीबहार से रघराटोली मार्ग, 2 करोड़ 3 लाख 95 हजार की लागत से बनने वाली 1.36 किमी डिपाटोली(सिंगीबहार) से धवईटोली तक पहुंच मार्ग, 2 करोड़ 29 लाख 96 हजार की लागत से बनने वाली 1.63 किमी जशपुर के बहराखैर से जुड़वाईन पहुंच मार्ग और 2 करोड़ 45 लाख 68 हजार की लागत से बनने वाली 1.94 किमी एन.एच.-43 खड़सा से कोमड़ो तक पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य कराया जाएगा।

### पेड़ो के तनों पर पेंटिंग करने वालों पर होगी कार्यवाही

**रायपुर।** आवास-पर्यावरण विभाग ने पेड़ों के तनों पर पेंटिंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आदेश जारी किया है। यह आदेश राज्य के सभी विभागों और जिला कलेक्टरों को भेजा गया है, जिसमें स्पष्ट रूप से निर्देश दिए गए हैं कि पेड़ों के तनों पर पेंटिंग न की जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। आदेश में कहा गया है कि पेड़ों के तनों पर पेंट करने से विभिन्न रासायनिक पदार्थ छाल के माध्यम से पेड़ों के अंदर प्रवेश कर जाते हैं, जिससे पेड़ों को नुकसान और उनकी मृत्यु की संभावना बढ़ जाती है। रायपुर निवासी नितिन सिंघवी ने 2019 और 2021 में पेड़ों पर पेंटिंग के खिलाफ मुख्य सचिव से शिकायत की थी और सभी संबंधित विभागों को उचित निर्देश जारी करने की मांग की थी। नगरी प्रशासन एवं विकास विभाग ने नगर निगमों और पंचायतों को आदेश जारी किए थे, लेकिन अन्य विभागों को आदेश जारी नहीं किए गए थे, जिसके कारण अन्य विभाग सौंदर्यीकरण के नाम पर पेड़ों पर पेंटिंग कर रहे थे। सिरपुर महोत्सव 2024 में साडा द्वारा सड़कों के किनारे 75 से अधिक पेड़ों के तनों पर पेंटिंग करने की शिकायत सिंघवी ने फिर से मुख्य सचिव से की, जिससे यह आदेश जारी किया गया। नितिन सिंघवी ने बताया कि पेड़ों को अपनी छाल के माध्यम से गैसों (जैसे ऑक्सीजन और कार्बन डाइऑक्साइड) का आदान-प्रदान करने की आवश्यकता होती है।

# मुख्यमंत्री निवास में हरेली तिहार पर छग की समृद्ध संस्कृति का अनूठा नजारा

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निवास कार्यालय में आज हरेली पर्व पर खेती-किसानी, कला-संस्कृति, खान-पान और वेशभूषा का अनूठा नजारा देखने को मिला। हरेली पर्व में शामिल लोग छत्तीसगढ़िया परिधान पहने लोक संस्कृति के रंग में सरोबार नजर आए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री साय एवं मंत्रीगण पारंपरिक वेशभूषा में खुमरी पहने हुए थे।

छत्तीसगढ़ एक ऐसा प्रदेश है जहां हर एक अवसर और कार्यों के लिए विशेष प्रकार के पारंपरिक उपकरणों एवं वस्तुओं का उपयोग किया जाता रहा है। हरेली पर्व के मौके पर मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में इन्हीं पारंपरिक कृषि यंत्रों एवं परिधानों का नजारा देखने को मिला जो छत्तीसगढ़ की समृद्धि संस्कृति की अमूल्य धरोहर है।



**काठा** - इस चित्र में सबसे बाएं दो गोलनुमा लकड़ी की संरचना दिख रही है, जिसे काठा कहा जाता है। पुराने समय में जब गांवों में धान मापन के लिए तौल कांटा-बाट का प्रचलन नही था, तब काठा से धान का मापा जाता था। सामान्यत: एक काठा में चार किलो धान आता है। काठा में ही नाप कर पहले मजदूरी के रूप में धान का भुगतान किया जाता था।

**खुमरी** - सिर के लिए छाया प्रदान करने के लिए बांस की पतली-पतली खपच्ची से बनी, गुलाबी रंग से रंगी और कौड़ियों से सजी घेरेदार संरचना खुमरी कहलाती है। यह प्राय: गाय चराने वाले चरवाहें अपने सिर पर धारण करते हैं। जिससे धूप और बारिश से बचाव होता है। पहले चरवाहा कमरा (रेनकोट) और खुमरी लेकर पशु चराने निकलते है। कमरा जो कि जूट के रेशे से बने ब्लैंकेट नुमा मोटा वस्त्र होता था, जो कि बारिश बचने के लिए उपयोग में लाया जाता है।

**कांसी की डोरी** - खुमरी के बगल में डोरी का गोलनुमा गुच्छा कांसी पौधे के तने से बनी डोरी है। यह पहले चारपाई या खटिया में उपयोग होने वाले निवार के रूप में प्रयोग किया जाता है। डोरी बनाने की प्रक्रिया को डोरी आंटना कहा जाता है। बरसात के शुरुआती मौसम के बाद जब खेत के मेड़ों में कांसी पौधे उग आते है, तब उसके तने को काटकर डोरी बनाई जाती है, जो कि चारपाई बुनने के काम आती है।

**झांपी** - चित्र के सबसे दाएं तरफ ढक्कन युक्त लकड़ी की गोलनुमा बड़ी संरचना झाँपी कहलाती है। यह पुराने जमाने में छत्तीसगढ़ में बैग या पेटी के विकल्प के रूप में उपयोग किया जाता था। यह खासकर विवाह के अवसर पर बारात जाने के समय दूल्हे का कपड़ा, श्रृंगार समान, पकवान आदि सामग्रियां रखने का काम आता था। यह बांस की लकड़ी से बनी मजबूत संरचना होती थी, जो कई वर्षों तक खराब या नष्ट नहीं होती है।

**कलारी** - बांस के डंडे के छोर पर लोहे का नुकीला हुक लगाकर कलारी बनायी जाती है। इसका उपयोग धान मिंजाई के दौरान धान को उलटने-पलटने में होता है।

### हरेली पर पूरे दिन टॉप ट्रेंड में रहा हैशटैग अभियान, सुशासन की हरेली



रायपुर। छत्तीसगढ़ में आज हरेली तिहार धूमधाम से मनाई गई। ग्रामीण अंचलों में लोगों ने सुबह से ही गौवंशों और कृषि औजारों की पूजा-अर्चना कर हरेली पर्व मनाया। आज मुख्यमंत्री निवास में भी हरेली तिहार की धूम रही। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ के लोक कलाकारों, आम जनता के साथ सपरिवार यह त्यौहार उत्साहपूर्वक मनाया। हरेली तिहार के अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा चलाया गया हैशटैग अभियान सुशासनकीहरेली आज सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म *×* पर पूरे दिन टॉप ट्रेंड पर रहा। छत्तीसगढ़ से लेकर अन्य राज्य के गणमान्य लोगों सहित आम जनता ने इस अभियान से जुड़कर हरेली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी और जमकर अपने फोटो-वीडियो पोस्ट किये। केंद्रीय मंत्रियों से लेकर अन्य राष्ट्रीय नेताओं ने सुशासनकीहरेली अभियान में प्रतिभाग कर हरेली की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए समस्त छत्तीसगढ़वासियों के सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की। बता दें कि छत्तीसगढ़ के प्रथम तिहार हरेली के पावन अवसर पर आज छत्तीसगढ़ शासन ने सोशल मीडिया पर हैशटैग सुशासनकीहरेली* अभियान चलाया। जिसको आम लोगों का भरपूर समर्थन मिला और जमकर फोटो-वीडियो पोस्ट किये।

## डॉ. रमन सिंह ने प्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा से सौंजन्य भेंट की



श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने स्पीकर हाऊस राजनांदगांव में प्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा से सौंजन्य भेंट की। विधानसभा अध्यक्ष ने उन्हें शाल-श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया तथा स्मृति चिन्ह नंदी की मूर्ति भेंट की।


इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं उनकी पत्नी श्रीमती वीणा सिंह ने पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद लिया। विधानसभा अध्यक्ष ने सभी को हरेली पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा प्रदेश के सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

## अमरनाथ यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से आगे बढ़ रही, अब तक 4.90 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने किए बाबा बर्फानी के दर्शन

**जम्मू ( एजेंसी )।** अमरनाथ यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से आगे बढ़ रही है। पिछले 36 दिनों में 4.90 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री अमरनाथ यात्रा कर चुके हैं। रविवार को 1,112 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था जम्मू से कश्मीर के लिए रवाना हुआ। श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) के अधिकारियों ने बताया कि 1,112 श्रद्धालुओं का जत्था दो सुरक्षा काफिलों में सुबह 3.25 बजे भगवती नगर यात्री निवास से घाटी के लिए रवाना हुआ।

अधिकारियों ने बताया, इनमें से 11 वाहनों का पहला काफिला 204 यात्रियों को लेकर उत्तर कश्मीर के बालटाल आधार शिविर के लिए रवाना हुआ, जबकि 39 वाहनों का दूसरा काफिला 908 यात्रियों को लेकर दक्षिण कश्मीर के नुनवान (पहलगाम) आधार शिविर के लिए रवाना हुआ।

गांदरबल जिले के काव चेरवान गांव में सुबह बादल फट गया। इस कारण श्रीनगर से बालटाल आधार शिविर जाने वाला मार्ग बंद हो गया। अधिकारियों ने बताया कि मलबा हटाने का काम जारी है। जब तक यात्रियों का



काफिला गांदरबल जिले में पहुंचेगा, तब तक बालटाल आधार शिविर और आगे लद्दाख क्षेत्र तक राजमार्ग बहाल कर दिया जाएगा।

पुलिस और सीएपीएफ समेत बड़ी संख्या में सुरक्षा बल जम्मू से लेकर दोनों आधार शिविरों तक 350 किलोमीटर से अधिक लंबे मार्ग पर तीर्थयात्रियों के लिए सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित करने के लिए चौबीसों घंटे ड्यूटी कर रहे हैं।

इसके अलावा यात्रियों की सुरक्षा के लिए पारगमन शिविरों, आधार शिविरों और गुफा मंदिर में पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। गुफा मंदिर में बर्फ की एक संरचना है जो चंद्रमा के चरणों के साथ घटती-बढ़ती रहती है। भक्तों का मानना है कि यह बर्फ की संरचना भगवान शिव की पौराणिक शक्तियों का प्रतीक है। यह गुफा कश्मीर हिमालय में समुद्र तल से 3,888 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। भक्त या तो पारंपरिक दक्षिण कश्मीर पहलगाम मार्ग से या फिर उत्तर कश्मीर बालटाल मार्ग से गुफा मंदिर तक पहुंचते हैं। पारंपरिक पहलगाम गुफा मंदिर मार्ग 48 किलोमीटर लंबा है। जिससे बाबा बर्फानी तक पहुंचने में 4 से 5 दिन लग जाते हैं। दूसरा मार्ग बालटाल का है। ये 14 किलोमीटर लंबा है। इस मार्ग का चयन करने वाले लोग 'दर्शन' करने के बाद उसी दिन आधार शिविर लौट आते हैं।

## फिर आसमां छूने को तैयार माउंटेन मैन, 15 अगस्त को ऑस्ट्रेलिया के सबसे ऊंची चोटी पर फहराएंगे तिरंगा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के प्रथम पर्वतारोही राहुल गुप्ता 'माउंटेन मैन' पर्वतारोहण क्षेत्र में नया रिकॉर्ड कायम करने जा रहे है। ऑस्ट्रेलिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट कोज़िअस्को में 15 अगस्त को तिरंगा फहराएंगे। माउंटेन मेन राहुल गुप्ता ने आज खेल मंत्री से मुलाकात कर आगामी अभियान के लिए आशीर्वाद लिया। राहुल, ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप के सबसे ऊंची चोटी माउंट कोज़िअस्को (7,310 फिट) की ऊंची चोटी पर चढ़ाई करेंगे। जो कि महाद्वीपो के पहाड़ो की ऊँचाई की रैंकिंग में सातवाँ व सबसे छोटी चोटी है।



राहुल गुप्ता आगामी 15 अगस्त को पीक फतह करेंगे। इस दौरान लगभग माइनस (अधिकतम -10 डिग्री) तापमान तक मे ट्रेकिंग के द्वारा लगभग 23 किलोमीटर दूरी तय करके पूरा करेंगे। राहुल गुप्ता अल्पाइन टेक्निक क्लाइम्बिंग के साथ साथ विंटर एक्सपीडिशन में एक्सपर्ट है। अल्पाइन टेक्निक से क्लाइम्बिंग यानी इस चढ़ाई में अमूमन 1-2 लोग ही होते हैं और अभियान को पूरा करते हैं। यह पर्वतारोहण के क्षेत्र में सबसे उच्चतम श्रेणी की विधा है। राष्ट्रीय स्तर पर विंटर एक्सपीडिशन करने वाले भी छत्तीसगढ़ के पहले व्यक्ति हैं। सर्वप्रथम अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पहाड़ों को फ़तह करना छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम

छत्तीसगढ में एडवेंचर स्पोर्ट्स के जरिए हर बार कोई न कोई संदेश (सोशल मेसेज) को भी बढ़ावा देने लिए राहुल ने झंडा फहराया है। इस अभियान के लिए राहुल ने खेल मंत्री टंक राम वर्मा और छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया। राहुल ने बताया कि राज्यमंत्री रहते हुएसाय ने दिल्ली में कई बार सहयोग किया। उनके सहयोग के बिना पर्वतारोही बन पाना संभव नहीं था। राहुल गुप्ता छत्तीसगढ़ के प्रथम पर्वतारोही है जिन्होंने दुनिया की सर्वोच्च चोटी माउंट एवेरेस्ट (8848 मीटर) फतह किया है। इन्हें छत्तीसगढ़ राज्य में एडवेंचर स्पोर्ट्स के जनक के रूप में भी जाना जाता है।

राज्य के प्रथम प्रोफेशनल पर्वतारोही है जो कि मूल निवासी अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ के रहने वाले है।राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय 14 पहाड़ों पर पर्वतारोहण दल का नेतृत्व किए है। पर्वतारोही राहुल गुप्ता ने भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के पर्वतारोहण संस्थान जवाहर इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग (पर्वतारोहण) से ट्रेनिंग (प्रशिक्षण) ली है। पर्वतारोहण जैसे साहसिक खेलों के क्षेत्र में उनका पिछले 12 सालों का अनुभव रहा है।

### भाजपा सरकार की प्राथमिकता है विकास : बृजमोहन अग्रवाल



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने रविवार को रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में 3 करोड़ 22 लाख रुपए से ज्यादा के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। बृजमोहन अग्रवाल ने मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड संतोषी नगर में 122.11 लाख रुपए, शहिद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड, टिकरापारा में 62 लाख रुपए और महामाया वार्ड में 139.21 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया।

उन्होंने कहा कि आज हरेली तिहार के अवसर पर भाजपा सरकार का क्षेत्र की जनता को विकास की सौगात है। भाजपा सरकार हमेशा से ही विकास को प्राथमिकता देती है और क्षेत्र की जनता को विभिन्न विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार की योजनाओं और नीतियों का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों को समृद्ध और सशक्त बनाना है। जिसके तहत स्कूल भवन, सीसी रोड निर्माण, सामुदायिक भवन आदि का भूमिपूजन किया गया है।

### कबीरधाम में सीएम साय व डिप्टी सीएम शर्मा ने किया पौधरोपण

**कवर्धा।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के कवर्धा प्रवास के दौरान 5 अगस्त को नया विश्राम गृह कवर्धा और शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा प्रांगण में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत 16 पौधे लगाए गए। हरीतिमा समूह कवर्धा द्वारा आयोजित उक्त पौधा रोपण कार्यक्रम में भावना बोहरा, विधायक पंडरिया, अशोक साहू, पूर्व विधायक कवर्धा, जन्मेजय महोबे, कलेक्टर कबीरधाम, अभिषेक पल्लव, पुलिस अधीक्षक, कबीरधाम, संदीप अग्रवाल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कबीरधाम, पत्रकारगण, हरितिमा के सदस्यगण, शासकीय अधिकारी, कर्मचारी वं आमजन उपस्थित रहे।

न्यू किट्टी बुक एंड स्टेशनरी मार्ट
• खाता बही, माला,
• फ्लावर झालर,
• लेजर बुक,
• कैश बुक,
• रोकड़ बही खाता
• कैलेंडर स्टेशनरी सामान
किसी भी बुक एंड स्टेशनरी में जाने से पहले एक बार न्यू किट्टी में जरूर पधारें...
नेहरू भवन रोड, सुपेला, भिलाई, मो.-9584917866, 6261748903

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर



### हत्या के 5 आरोपी गिरफ्तार

**दंतेवाड़ा।** जिले के किरंदुल थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कलेपाल में एक ग्रामीण लच्छू बारसे की हत्या करने के 5 आरोपियों भीमा कुंजाम, प्रकाश कुंजाम, नरेन्द्र कुंजाम , देवीसिंह कुंजाम, सोना कुंजाम को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 28 सितंबर 2023 को आरोपियों ने कलेपाल निवासी लच्छू बारसे उम्र 53 वर्ष के गले के दाहिने तरफ धारदार हथियार से जान लेवा वार कर उसकी हत्या कर दी गई थी। इस घटना के बाद से पुलिस हत्या के आरोपियों की तलाश कर रही थी।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस की टीम ने थाना प्रभारी प्रह्लाद कुमार साहू के नेतृत्व में बड़े बेड़मा निवासी भीमा कुंजाम, प्रकाश कुंजाम, नरेन्द्र कुंजाम , देवीसिंह कुंजाम, सोना कुंजाम को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ की। आरोपियों ने हत्या करना कबूल कर लिया। हत्या का कारण आरोपियों ने बताया कि भीमा की करीब डेढ़ साल पहले उसकी पत्नी से हुई लड़ाई के बाद गांव में बैठक हुई। बैठक में मृतक द्वारा भीमा के साथ मार-पीट करने और उसे धमकी देते हुए गांव में बेइज्जत करने की बात से त्रस्त होकर उसे सबक सिखाने की योजना बनाई।

### नेशनल हाईवे में मिला महिला का शव, हत्या की आशंका

**जशपुर।** जशपुर के कोतवाली थाना क्षेत्र के आगडीह में एक महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई है। बताया जा रहा है कि महिला की हत्या हुई है। वहीं महिला की पहचान अबतक नही हो पाई है।

मिली जानकारी के अनुसार जिले के नेशनल हाईवे 43 पर कोतवाली थानाक्षेत्र अंतर्गत ग्राम आगडीह में सोमवार को ग्रामीणों ने एक महिला का शव देखा और तत्काल इसकी सूचना कोतवाली थाने में दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है वहीं महिला की शिनाख्त का प्रयास किया पर किसी ने भी महिला को नही पहचाना। किंतु शव को देखकर पुलिस प्रथम दृष्टया हत्या का अनुमान लगा रही है। यह मामला हत्या का है या कुछ और यह तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगा। फिलहाल कोतवाली पुलिस शव की शिनाख्ती में जुटी हुई है।

### विस्फोटक व नक्सली पर्चा के साथ 2 नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर।** जिले में चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत सुरक्षाबलों के जवानों ने जारपल्ली के जंगल से दो नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से टिफिन बम, विस्फोटक व नक्सली पम्पलेट बरामद किया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सीआरपीएफ कोबरा व थाना पामेड़ की संयुक्त पार्टी जारपल्ली व एमपुर की तरफ नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। इस दौरान जारपल्ली से गट्टूपल्ली हुरैया उम्र 34 वर्ष पिता रामा गट्टूपल्ली जोगैया निवासी जारपल्ली व मड़कम हिड़मा उम्र 25 वर्ष पिता हिड़मा पांडू निवासी जारपल्ली थाना पामेड़ बीजापुर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से टिफिन बम, नक्सली पर्चे, इलेक्ट्रिक वायर ब अन्य सामग्री बरामद किया गया है। पामेड़ थाना में कार्रवाई उपरांत गिरफ्तर नक्सलियों को आज न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

# पॉलिसी के नाम पर डॉक्टर को लगाया लाखों का चूना पुरानी पॉलिसी के रुपए निकालने का दिया था झांसा

## डॉक्टर से शातिर ने 14 लाख 60 हजार 647 रुपए निवेश कराकर की ठगी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भिलाई नगर थाना क्षेत्र में सेक्टर -10 में रहने वाले एक डॉक्टर से लाखों की ठगी हो गई। डॉक्टर को पुणे महाराष्ट्र में बैठे व्यक्ति ने खुद को मैक्स लाइफ इंस्योरेंस का एजेंट बताया और पुरानी पॉलीसी का पैसा निकालने का दावा किया। इसे एवज में नई पॉलिसियों में निवेश करवाया। एक एक कर डॉक्टर ने कई पॉलिसी में निवेश किया लेकिन मिला कुछ नहीं। डॉक्टर से शातिर ने 14 लाख 60 हजार 647 रुपए निवेश कराकर ठगी की है। इस मामले में शिकायत मिलने के बाद धारा 420 के तहत भिलाई नगर पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है।




भिलाई नगर थाने से मिली जानकारी के अनुसार सेक्टर 10 निवासी डॉ विकास वर्मा के साथ पॉलिसी के नाम पर ठगी हुई है। डॉ वर्मा की पॉवर हाउस नंदिनी रोड में क्लिनिक है और वे शिशु रोग विशेषज्ञ हैं। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि मैक्स लाइफइंस्योरेंस के एजेंट रवि झा ने पालिसी के नाम पर कुल 14,60647.50 रुपए की ठगी की है। उसने बताया कि 2023 में रवि झा से बात हुई थी। उसने खुद को पुणे महाराष्ट्र का निवासी और मैक्स लाइफ इंश्योरेंस का एजेंट बताया।

एक पुराने मैक्स लाइफइंश्योरेंस की पलिसी पैसे दिलाने का दावा किया और इसके लिए विभिन्न बीमा पॉलिसी में करने कहा। इस दौरान उसने अपने उच्च अधिकारी से भी बात कराई जिसने अपना नाम बंसल बताया। इसके बाद उसने कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस 99,275, भारतीय एक्सा लाइफ इंश्योरेंस 79,999 रुपए, श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस 90,915, कुजैलिन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड 41300, रिलायंस जनरल इंस्योरेंस कं. लि. 41,715,. आदित्य बिडला हेल्थ डायरेक्ट सीसीए 48,590, निवाबुपा डायरेक्ट बिजनेस 51,336, आदित्य बिड़ला हेल्थ डायरेक्ट सीसीए 99,434, केयर हेल्थ इंस्योरेंस लि. 92,706 कुल 6,45,270 की बीमा पलिसी कराई। इन सब पलिसियो में पैसा लगाने के बाद भी एजेंट ने रवि झा ने कुछ नही किया और समय बीतता गया।

इसके बाद मार्च 2023 में वेद प्रकाश अरोरा से बात हुई और उन्होंने बताया कि एनपीसीआई में सरकार द्वारा नियुक्त हुए हैं और वह मुझे बीमा पलिसीयों के एवज में पैसा दिलवा देंगे। पर इसके लिए कुछ सरकारी चार्ज लगेगा। इस बीच उन्होंने कुलभूषण त्यागी व दुर्गा देवी से भी बात कराई। इस तरीके से मार्च आखिरी से जून तक 14,60647.50 रुपए विभिन्न अकाउंट में जमा करवाया। उसके बाद उन्होंने बताया कि आखरी में करीब 5 लाख रुपए और जमा कराने पर करीब 68 लाख रुपए आरबीआई के तरफ से मिलेंगे। इस दौरान एक आरबीआई के नाम से पत्र भी भेजा। इसके बाद भी आज तक न तो जमा की राशि मिली और न ही आरबीआई से किसी तरह का रिफंड। इस तरह कॉलर द्वारा पॉलिसी के पैसे दिलाने के नाम पर ठगी की गई है। फिलहाल इस मामले में भिलाई नगर पुलिस द्वारा अपराध दर्ज कर जांच की जा रही है।

### रायगढ़ से बालिका को भगा ले गया युवक, जम्मू में हुआ गिरफ्तार



**रायगढ़।** बालिका को भगा जम्मू ले जाने के आरोपी युवक को पुलिस रायगढ़ लेकर आयी है। 20 जून 2023 को थाना कोतवाली में बालिका के पिता ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया है कि 18 जून की रात्रि बालिका बिना बताए चली गई है, कोतवाली पुलिस धारा 363 दर्ज कर बालिका की पतासाजी कर रही थी। विवेचना में बालिका को सोहन सिदार पिता आसाराम सिदार 27 निवासी ईशानगर रायगढ द्वारा भगा ले जाने की जानकारी मिली।

थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सुखनंदन पटेल को युवक का लोकेशन जम्मू कश्मीर प्राप्त होने पर टीम रवाना हुई। वहां हीरानगर थाना क्षेत्र के पक्का कोठा कस्बे में संदेही सोहन सिदार को हिरासत में लिया गया। सोहन मजदूरी करता है। पूछताछ कर बालिका तक पुलिस पहुंची दोनों को स्थानीय थाने लाया गया और फिर रायगढ़ लाया गया। बालिका के कथानुसार धारा 366, 376 (2)एन आईपीसी, 6 पोक्सो एक्ट विस्तारित कर सोहन सिदार की गिरफ्तारी दर्ज की गई जिसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है ।

# मानसी नदी में बह रहे थे दो नौनिहाल, ग्रामीण ने बचाई जान



श्रीकंचनपथ न्यूज

**कटघोरा।** सूरजपुर जिले के परेवाडांड़ में रहने वाले दो नन्हे बच्चे अपनी मां को तलाशते हुए मानसी नदी पार करते कोरबा जिले के सरहदी गांव चचिया पहुंच गए थे। मां का पता नहीं चलने पर वापस गांव लौट रहे थे। दौरान नदी का प्रवाह तेज होने पर धारा बहने लगे। ग्रामीण ने बच्चों को बाहर निकाल कर जान बचाई और पुलिस के हवाले किया। जिसकी मदद से बच्चों को स्वजन तक सुरक्षित पहुंचाया गया।

अबोध बच्चों के लिए मां की ममता और स्नेह ही सब कुछ होता है। एक क्षण के लिए भी मां को अपने आसपास न पाकर बच्चे बेचैन हो उठते हैं। कोरबा जिले से लगे सूरजपुर के ग्राम परेवाडांड़ में निवासरत दो बच्चे दुर्गावती धनवार पांच वर्ष और दोहन धनवार तीन वर्ष को जब पता चला कि मां घर पर नहीं है तो उसे तलाशने के लिए घर से निकल पड़े। दरअसल दोनों बच्चों की मां अपने रिश्तेदार के घर जटगा के निकट ग्राम चचिया आई थी। घर से निकले बच्चे कोरबा और सूरजपुर सरहदी के बीच बहने वाली मानसी नदी को पार गए। नदी में उस समय पानी का बहाव कम था। नदी पार करने के बाद उन्हे जब कुछ सूझा नहीं तो वे फिर अपने घर की ओर वापस लौटने लगे। वापसी में नदी पार करते समय पानी प्रवाह तेज होने की वजह से दोनों बच्चे बहने लगे। बच्चों को बहता देख नदी पार कर रहे शनि अगरिया ने तैरकर दोनों बच्चों को डूबने से बचा लिया। बच्चों से उनका नाम पता पूछने पर वे डरे सहमें नजर आए। शनि ने घटना की जानकारी आसपास के ग्रामीणों को दी लेकिन उन्होने भी बच्चों को पहचानने में असमर्थता जाहिर की। अंततः दोनों बच्चों को मोरगा चौकी पुलिस के हवाले कर दिया।

# ड्यूटी से लौट रहे शख्स से लूट, वैशाली नगर कॉलेज के पास तीन नाबालिगों ने दिया वारदात को अंजाम

### चोरी की बाइक बरामद

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** वैशाली नगर थाना क्षेत्र में ड्यूटी से लौट रहे शख्स से लूट की घटना को अंजाम दिया गया है। शख्स को चाकू की नोक पर रोककर उसकी बाइक को लूटकर भाग गए। इस मामले में शिकायत मिलने के बाद वैशाली नगर पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू की। सीसी टीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने इस मामले में तीन नाबालिगों को गिरफ्तार किया। नाबालिग आरोपियों के पास से पुलिस ने बाइक व चाकू बरामद किया है। तीनों नाबालिग आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।



मिली जानकारी के अनुसार रमेश सिंह सियोदिया साकिन उरला बस्ती वार्ड न 58 मोहन नगर दुर्ग ने लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया। उन्होंने बताया कि 31 जुलाई 2024 की रात को वह अपनी मोटरसाइकिल हीरो डिलक्स क्रमांक एमपी 48 एमडब्ल्यू 0479 से अहिवारा ड्यूटी पर गया था। ड्यूटी कर 1 अगस्त 2024 की सुबह 4 बजे घर वापस आ रहा था। इस दौरान रास्ते में वैशाली नगर कॉलेज के पास तीन लोगों ने उसका रास्ता रोका। धारदार चाकू दिखाकर बोले कि गाड़ी से उतरो। जैसे ही वह उतरा तो तीनों ने बाइक लेकर फरार हो गए। इस मामले में शिकायत पर धारा 309 (6), 3(5) बीएनएस 25, 27 आर्म्स एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी ममता अली शर्मा द्वारा तत्काल रात्रि बाइक पेट्रोलिंग में तैनात आरक्षक आवेश सिद्धिकी और आरक्षक नितेश पाण्डेय को आरोपी की पतासाजी में लगाया। आरक्षकों ने सीसी टीवी फुटेज के आधार पर 3 नाबालिगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में तीनों ने उक्त लूट की घटना को करना स्वीकार किया। नाबालिगों के कब्जे से मोटरसाइकिल हीरो डिलक्स और घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू जब्त किया गया।

### भारी बारिश से कोरबा में जनजीवन अस्त-व्यस्त

**कोरबा।** कोरबा में बीते 24 घंटों से हो रही भारी बारिश ने शहर में जनजीवन को पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया है। शहर के सबसे पॉश इलाकों में से एक, आरएसएस नगर में पानी भर जाने से स्थानीय निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आरएसएस नगर, जो अपने आलीशान बंगलों और आधुनिक सुविधाओं के लिए जाना जाता है, वहां बारिश का पानी नालियों के ओवरफ्लो होने से सड़कों पर बहने लगा।

# पशु तस्करों को फिल्मी स्टाइल में दबोचा, जशपुर में पुलिस को देख भागने लगे थे बदमाश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जशपुर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में पशु तस्करी के मामले अक्सर सामने आते हैं। झारखंड की सीमा से लगे होने के कारण यहां बड़ी संख्या में पशु तस्कर सक्रिय हैं। इसे देखते हुए जिले में पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह द्वारा पशु तस्करों के खिलाफविशेष अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार रात को जिले के लोदाम थाना क्षेत्र में पशु तस्करों को फिल्मी स्टाइल में पकड़ा गया। पशु तस्करी की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर रखी थी। पुलिस को देख तस्कर भागने लगे। पुलिस ने लगभग दो किलोमीटर दौड़ाकर तस्करों को पकड़ा। इनके कब्जे से 11 मवेशियों को मुक्त कराया और पिकअप को जब्त किया।

दरअसल एसपी शशिमोहन सिंह को मुखबिर से सूचना मिली थी लोदाम थाना क्षेत्र में पशु तस्करी हो रही है। जशपुर-झारखंड सीमा के ग्राम साईंटांगरटोली लोदाम से झारखंड की ओर पीकअप वाहन क्रमांक जेएच 02 एएस 5243 में कुछ लोग क्रूरतापूर्वक मवेषी को तस्करी करते हुये झारखंड की ओर ले जा रहे हैं। सूचना पर एसपी द्वारा तत्काल थाना प्रभारी लोदाम निरीक्षक राकेश यादव के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्रवाई के लिए दल-बल के साथ रवाना किया गया।



#### पुलिस को देख भागने लगे पशु तस्कर

पुलिस द्वारा मुखबिर के बताए अनुसार पुलिस ने घेराबंदी कर रखी थी। पुलिस की घेराबंदी देख मो बेलाल खान कीचड़ से भरे खेत की ओर भागने लगा। पुलिस ने उसे लगभग 02 किलोमीटर तक पीछा कर पकड़ा। वहीं एक और आरोपी मो शमीम खान पुलिस के पीछा करने पर ह॥-43 के रेस्ट एरिया से आगे जाकर नदी में छलांग लगा दी। आरोपी को पकड़ने पुलिस के जवान ने भी नदी में छलांग लगाई और उसे दबोच लिया। पुलिस द्वारा उक्त पीकअप वाहन से 11 गोवंश को बरामद कर सुरक्षित रखा है। प्रकरण में थाना लोदाम में पशु तस्करी का अपराध दर्ज कर आरोपी मो शमीम खान (27) व मो बेलाल खान को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। प्रकरण में संलिप्त कुछ आरोपी फरार हैं जिन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

#### टीम को करेंगे पुरस्कृत

इस संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी लोदाम निरीक्षक राकेश यादव, प्रधान आरक्षक वितिन राम, आरक्षक 158 प्रवीण तिर्की, सुभाष पैंकरा, मोरिस किस्पोट्टा, छसबल आरक्षक इंदर कुमार, मयंकधर पाण्डेय, बनवारी लाल, सुधीर एवं अन्य स्टाफ का योगदान रहा है। पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह ने कहा है कि थाना लोदाम के अधिकारी व कर्मचारियों ने जान जोखिम में डालकर पशु तस्करों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई में शामिल पूरी टीम को नगद इनाम दिया जाएगा। जशपुर पुलिस द्वारा पशु तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। तस्करी में जब्त वाहनों की नीलामी शुरू कर दी गई है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये स्पेशल टीम को लगाया गया है।

# कार से चला रहा था ऑनलाइन सट्टा, पुलिस को लगी भनक और पकड़ाया सटोरिया, कार भी जब्त

### पुलिस की गिरफ्त में सटोरिया

**भिलाई।** भट्टी पुलिस ने ऑनलाइन सट्टा के खिलाफ कार्रवाई करते हुए रेड्डी अन्ना पैनल नंबर 128 चला रहे युवक को गिरफ्तार किया है। युवक द्वारा कार से ऑनलाइन सट्टा खिलवाया जा रहा था। पुलिस को भनक लगी और घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1 आईफोन व 1 स्मार्ट फोन बरामद किया जिससे ऑनलाइन गेमिंग चला रहा था। इसके अलावा पुलिस ने लाखों का हिसाब किताब, आरोपी के कब्जे से 2 मोबाईल, 5 एटीएम कार्ड, 5 सिम कार्ड, नगदी रकम 1043 रुपए व एक स्वीफ्ट डिजायर कार जुमला किमती 8.73 लाख रुपए बरामद किया है।



दरअसल पुलिस को सूचना मिली कि खुर्सीपार निवासी हर्ष कुमार स्वीफ्ट डिजायर कार में विवेकानंद गार्डन सेक्टर 01 भिलाई के पार्किंग में कार खड़ी कर ऑनलाईन गैमिंग सट्टा का कारोबार मोबाइल फोन के से कर रहा है। सूचना पर टीम द्वारा घेराबंदी कर विवेकानंद गार्डन के पास स्वीफ्ट डिजायर कार क्रंमाक सीजी 07 सीएम 6044 के अंदर बैठे युवक को पकड़कर पूछताछ की। प्रारंभिक पूछताछ में वह गुमराह करता रहा लेकिन कड़ाई दिखाने पर उसने सच उगल दिया।

युवक ने बताया कि ऑनलाईन गैंमिग सट्टा रेड्डी अन्ना 128 नंबर पैनल के माध्यम से सट्टा खिलवा रहा था। उसका मोबाइल जांच करने पर उक्त ऑनलाईन गैमिंग सट्टा के 6,37,330 रुपए पैसों के लेनदेन के संबध में हिसाब किताब व वाट्सअप ग्रुप मिला। युवक द्वारा ऑनलाईन गैंमिग सट्टा के कारोबार में उपयोग किए जा रहे 2 मोबाइल, 5 विभिन्न बैंको के एटीएम कार्ड, 5 सिम कार्ड, नगदी रकम 1043 रुपए, घटना में प्रयुक्त कार स्वीफ्ट डिजायर क्रंमाक सीजी 07 सीएम 6044 जुमला किमती 8,73,000 रुपए जब्त किया है। आरोपी के खिलाफधारा 7,8 छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्रवाई की गई। उक्त कार्यवाही में थाना भिलाई भट्टी से एएसआई प्रमोद सिंह, शमित मिश्रा, नागेन्द्र बंछोर, आरक्षक जी.जगमोहन, विशवजीत सिंह, हिरेश साहू, मनीष टन्डे, एसीसीयू से आरक्षक राकेश अन्ना, गुनित निर्मलकर की उल्लेखनीय भूमिका रही।

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

# डॉक्टर भगवान का दूसरा रूप, सेवाभाव से करें मरीजों का इलाज- सीएम साय

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बीरगांव में एन.के.डी. हास्पिटल का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर अस्पताल के संचालकों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि डॉक्टरों को भगवान का दूसरा रूप माना जाता है। डॉक्टर गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को नया जीवन देने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि इलाज की आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित इस अस्पताल के चिकित्सक सेवा भाव से मरीजों का इलाज पुण्य का काम समझ कर करेंगे।



मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य गठन के 24 वर्षों में प्रदेश में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से लेकर जिला अस्पताल तक स्वास्थ्य सुविधाएं सुदृढ़ हुई हैं, लेकिन अभी भी इस क्षेत्र में काफी कुछ करने की जरूरत है। मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है। राज्य सरकार के साथ-साथ निजी क्षेत्र को भी लोगों को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में कंधे से कंधा मिलाकर काम करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे प्रदेश में हरेली का त्यौहार उमंग और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस पावन अवसर पर राजधानी में दो अस्पतालों का शुभारंभ हुआ है। इससे नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

इस अवसर पर रायपुर ग्रामीण क्षेत्र के विधायक मोतीलाल साहू, बीरगांव नगर निगम के महापौर नंदलाल देवांगन, अस्पताल के संचालक डॉ. नंद किशोर देवांगन, डॉ. वेदप्रकाश देवांगन, डॉ. देवप्रकाश देवांगन सहित अनेक चिकित्सक, जनप्रतिनिधि, प्रबुद्ध नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री साय की पहल पर 66 मासूमों के चेहरे पर आई मुस्कान

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर जन्म से बीमारी से जूझ रहे जशपुर जिला के 66 बच्चों के चेहरे पर मुस्कान चिरायु टीम ने लौटाई है। मुख्यमंत्री श्री साय की सरकार राज्य के हर नागरिकों को आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराकर सभी के उत्तम स्वास्थ्य तथा स्वस्थ जीवन के लिए प्रतिबद्ध है। जिला चिरायु टीम के प्रभारी डॉ अरविन्द कुमार रात्रे ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर चिरायु योजना के तहत पैर की विकृति से जूझ रहे 1, होंठ और तालू की विकृति से जूझ रहे 14, मोतियाबिंद के 3, ह्रदय रोग के 18 के साथ अन्य बीमारियों से जूझ रहे 25 पीड़ितों को नि:शुल्क



आपरेशन करा उन्हें बीमारी से मुक्ति दिलाई गई है। उल्लेखनीय है जशपुर जिले के कांसाबेल तहसील के बगिया स्थित सीएम कैम्प कार्यालय में आयोजित होने वाले जनदर्शन कार्यक्रम में जशपुर सहित पूरे प्रदेश से लोग अपनी समस्या और मांग लेकर पहुंचते हैं। बगिया प्रवास में रहने के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जनदर्शन में शामिल हो कर लोगों की समस्या सुनते हैं।

सीएम कैम्प के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य सेवा के साथ अन्य सरकारी सेवा और योजनाओं का लाभ उठाने में आ रही परेशानियों का समाधान मिलता है। कैम्प कार्यालय ने प्रदेशवासियों की सुविधा के लिए 07764-250061, 07764-250062 हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। इस हेल्पलाइन के माध्यम से भी सीएम कैंप जरूरतमंदों को सहायता उपलब्ध कराता है।

## बदल सकता है मरीन ड्राइव का नाम, सीएम साय ने साहू समाज को किया आश्वस्त



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय हरेली तिहार के पवित्र दिन तेलीबांधा स्थित मरीन ड्राइव पर आयोजित हरेली उत्सव और साहू समाज के सम्मान समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री साय ने यहां नागर, गैती, गेड़ी सहित कृषि यंत्रों की पूजा की और प्रदेश के किसानों की खुशहाली के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। श्री साय ने भक्त माता कर्मा के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर आरती की और छतीसगढ़ की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री अरुण साव, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, कसडोल विधायक संदीप साहू, पूर्व मंत्री चन्द्रशेखर साहू सहित साहू समाज के अध्यक्ष टहल सिंह साहू और अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान साहू समाज ने मरीन ड्राइव का नाम परिवर्तन कर तेलीबांधा ड्राइव करने तथा दोनों ओर भव्य गेट बनाने और चौक का नाम भक्त माता कर्मा के नाम पर करने की माँग की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने इस आयोजन के लिए साहू समाज को बधाई और शुभकामनाएँ दी। उन्होंने कहा कि आज हरेली के पावन पर्व पर सुबह से ही पूजा अर्चना कर छत्तीसगढ़ वासियों की सुख-समृद्धि की मन्नत माँगी है। उन्होंने कहा कि तेलीबांधा तालाब रायपुर शहर की शान है और साहू समाज की माँग पर गंभीरता से विचार किया जाकर इसके नामकरण के लिए जल्द ही उचित कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री साय को साहू समाज के पदाधिकारियों ने भगवान श्रीराम का तैल्य चित्र और रामचरित मानस की प्रति भेंट की। कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री श्री साय को स्मृति चिन्ह के रूप में रुद्राक्ष के वृक्ष के साथ शाल श्रीफल भेंट किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि हरेली छत्तीसगढ़ का पहले तिहार है और इसी से आगे प्रदेश में तिहार उत्सवों की लंबी श्रृंखला चलती है। उन्होंने सभी को हरेली तिहार की बधाई दी। कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री तोखन साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को साहू समाज का मेहमान बताते हुए कहा कि हरेली के पावन अवसर को भक्तिभाव से मनाने की परंपरा हमारे बुजुर्गों ने बनाई है। हरेली खेती-किसानी, गौमाता, प्रकृति को सहेजने का उत्सव है। उन्होंने आने वाली पीढ़ी को भी इस त्यौहार का महत्व बताने का आह्वान सामाजिक बंधुओं से किया। तोखन साहू ने साहू समाज से पहली बार किसी व्यक्ति को केंद्रीय मंत्री बनाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद भी ज्ञापित लिया। रायपुर जिला साहू समाज ने तोखन साहू को रुद्राक्ष का वृक्ष भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में साहू समाज के प्रतिभागियों ने गीत गायन और नृत्य कला का प्रदर्शन भी किया। साहू समाज ने यहाँ गेड़ी दौड़, मटका फोड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया। कार्यक्रम में दो जुड़वा बहनों प्रमिला और पार्वती द्वारा दी गई शिव तांडव नृत्य की प्रस्तुति ने सभी मन मोह लिया।

# राज्य सरकार दूरस्थ क्षेत्रों में बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने संकल्पित-साय

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि आदिवासी बहुल छत्तीसगढ़ राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक बेहतर बनाने के लिए राज्य सरकार के साथ-साथ निजी क्षेत्र की भागीदारी भी जरूरी है। छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के बाद से अब तक प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं का तेजी से विस्तार हुआ है, लेकिन अभी भी काफी कुछ करने की जरूरत है। राज्य सरकार का यह प्रयास है कि प्रदेश के नागरिकों को विशेष रूप से दूरस्थ अंचलों के मरीजों को भी अच्छी सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

मुख्यमंत्री श्री साय राजधानी रायपुर के तेलीबांधा थाने के पास रिंग रोड नंबर 1 के समीप 'बेस्ट ऑर्थोपेडिक सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल' का शुभारंभ करने के बाद



कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अस्पताल छत्तीसगढ़ के लोगों को बेहतर इलाज की सुविधाएं मुहैया कराएगा। राजधानी रायपुर में हड्डी रोग के इलाज के लिए एक और अच्छी सुविधा उपलब्ध हो रही है। उन्होंने सभी लोगों को हरेली की शुभकामनाएं और बधाई दीं।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इसमें जरूरतमंद मरीजों को पांच लाख रूपए तक के नि:शुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद मरीजों को इलाज कराने के लिए वे अपने सार्वजनिक जीवन के आरंभ से ही सक्रिय रहे हैं। सांसद विधायक और केन्द्रीय राज्यमंत्री रहते हुए उन्होंने अनेक मरीजों का इलाज कराया। उन्होंने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री राहत कोष के माध्यम से इलाज के लिए राशि स्वीकृत होने पर सात दिन के अंदर संबंधित अस्पताल को राशि उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री ने डॉक्टरों से आग्रह किया कि आने वाले समय में जरूरतमंद मरीजों को राज्य और केन्द्र सरकार की योजनाओं के तहत इलाज के लिए इस अस्पताल में भी भेजा जाएगा। उम्मीद है कि ऐसे मरीजों को यहां अच्छे इलाज की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

विधायक मोतीलाल साहू ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया और लोगों को रायपुर में हड्डी रोग के इलाज के लिए उत्कृष्ट हास्पिटल की स्थापना पर बधाई और शुभकामनाएं दीं। अस्पताल के संचालकों ने अस्पताल में हड्डी रोग चिकित्सा की आधुनिक सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर विधायक वार्ड पार्षद श्रीमती शीतल, हॉस्पिटल के डॉ. अमित अग्रवाल, डॉ. प्रवीण अग्रवाल, डॉ. रोहित कनोई, डॉ. सुनील देवांगन, डॉ. सौरभ श्रीवास्तव सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित थे।

# पीएम आवास के हितग्राहियों को राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने सौंपा चाबी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजस्व एवं आपदा प्रबंधनमंत्री टंकराम वर्मा विकासखण्ड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम सकरी में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय हरेली पर्व, पीएम आवास लाभार्थियों के गृह प्रवेश एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल हुए। छत्तीसगढ़ के पहली त्यौहार हरेली के पावन अवसर पर अतिथियों के द्वारा कृषि औजारों की पारम्परिक रीति से पूजा-अर्चना कर जिलेवासियों की सुख-समृद्धि एवं अच्छी फसल की कामना की। मंत्री श्री वर्मा ने प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण अंतर्गत स्वीकृत आवास पूर्ण होने पर 10 हितग्राहियों को




मकान की चाबी सौंपी तथा एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत अमृत सरोवर के मेड़ पर पौधा लगाया। कैबिनेट मंत्री श्री वर्मा ने ग्रामवासियों की मांग पर ग्राम सकरी में नवीन पीडीएएस भवन की स्वीकृति एवं मानस भवन के लिए 10 लाख रूपये देने की घोषणा की।

राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने हरेली त्यौहार की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ का पहला त्यौहार है, हरेली जो किसानों सहित सभी के लिए हरियाली, खुशहाली और समृद्धि का सन्देश लाता है। किसान खेती-किसानी के कार्य से निवृत्त होकर अच्छी फसल की कामना के साथ कृषि औजारों और प्रकृति की पूजा करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हरियाली और खुशहाली बनी रहे, इसी बात को ध्यान रखते हुए मोदी की गारंटी एवं विष्णु के सुशासन के ध्येय वाक्य को हमारी सरकार साकार कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी विगत 10 सालों से भारत के चहुमुंखी विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। भारत 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश है, जिसे तीसरे स्थान पर लाना है। प्रधानमंत्री श्री मोदी गरीबों के पक्के मकान के सपने पूरे कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार ने बहुत कम समय में किए गए वायदों को पूरी किया है।

उन्होंने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं के खाते में हर महीने एक हजार रूपए दिए जा रहे हैं। स्वरोजगार उपलब्ध कराकर मातृशक्ति को सुदृढ और आत्मनिर्भर बनाने के लिए समूह के माध्यम से रेडी-टू-इट संचालन का काम दिया जाएगा। इसी प्रकार भूमिहीन कृषि मजदूरों को योजना के तहत 10 हजार रूपए सालाना दिया जाएगा।

### खाद्य मंत्री हरेली पर रोपा पौधा



रायपुर। हरेली त्यौहार के अवसर पर खाद्यमंत्री दयालदास बघेल ने बेमेतरा जिले के नवागढ़ विकास के ग्राम पंचायत गोढ़ीकला में प्रधानमंत्री आवास एवं मुख्यमंत्री आवास ग्रामीण हितग्राहियों के उन्मुखीकरण कार्यकम में एक पेड़ माँ के नाम पर पौधरोपण किया। उन्होंने सभी को हरेली त्यौहार की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी और आग्रह किया कि अभियान का हिस्सा बनकर अपने घर आंगन, खेत में अपनी मां के नाम पर पौधा जरूर लगाएं। खाद्य मंत्री ने कहा कि राशनकार्ड का नवीनीकरण आगामी 15 अगस्त 2024 तक किया जाएगा। छूटे हुए सभी हितग्राहियों को अपने कार्ड का नवीनीकरण करवाने का आग्रह किया। ताकि सभी पात्र हितग्राहियों को उचित मूल्य दुकान के माध्यम से खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा सके। इस अवसर पर सरपंच जनप्रतिनिधिगण और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# सांय-सांय काम कर रही है साय सरकार- उपमुख्यमंत्री साव

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव हरेली की उमंग और उत्साह के बीच रायपुर में जनसमस्या निवारण शिविर में पहुंचे। उन्होंने जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के तहत चंगोराभाठा के वार्ड क्रमांक-68, डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड के सांस्कृतिक भवन में आयोजित शिविर में कृषि औजारों और गेड़ी की पूजा कर प्रदेशवासियों और किसानों की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने गेड़ी का आनंद भी लिया। श्री साव ने सांस्कृतिक भवन से लगे डॉ. खूबचंद बघेल उद्यान में हरेली के मौके पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत हरिशंकरी का पौधा लगाया। रायपुर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष श्रीमती मीनल चौबे, नगरीय प्रशासन विभाग के संचालक कुंदन कुमार, कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, नगर निगम के आयुक्त अबिनाश मिश्रा और वरिष्ठ पार्षद मृत्युंजय दुबे भी इस दौरान मौजूद थे।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने जनसमस्या निवारण शिविर में लोगों को हरेली की बधाई देते हुए कहा कि आज से छत्तीसगढ़ में त्योहारों



का सिलसिला शुरू हो गया है। हरेली प्रकृति और किसानों का त्योहार है। उन्होंने कहा कि पिछले चार वर्षों में रायपुर का विकास रूक गया था। किसी का कोई काम नहीं हो रहा था। अब मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार सांय-सांय काम कर रही है। महतारी वंदन योजना के हितग्राही महिलाओं के खाते में 1 तारीख को ही पैसे आ जा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि अभी तो यह शुरुआत है, रायपुर के विकास के लिए पैसों की कमी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि यहां जनसमस्या निवारण शिविर में कई विभागों के अधिकारी आप लोगों की समस्या सुलझाने के लिए आए हैं। आप शिविर में सक्रिय सहभागिता देकर इसका पूरा लाभ उठाएं। छत्तीसगढ़ की सरकार जनता के प्रति जवाबदेह सरकार है। हमने छत्तीसगढ़ को बनाया है, और हम ही इसे संवारेंगे। उन्होंने रायपुर नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष श्रीमती मीनल चौबे की मांग पर वार्ड में विभिन्न विकास कार्यों के लिए एक करोड़ रुपए देने की घोषणा की।

श्री साव ने जनसमस्या निवारण शिविर में दिव्यांगों को व्हील चेयर, वार्डवासियों को नए बने राशन कॉर्ड, भवन अनुज्ञा प्रमाण पत्र, स्वसहायता समूहों की महिलाओं, पीएम स्वनिधि और प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को चेक प्रदान किया। उन्होंने शिशुओं का अन्नप्राशन किया और गर्भवती महिलाओं को पोषण किट वितरित किए। उन्होंने सफाई मित्रों को सम्मानित भी किया। श्री साव ने शिविर में रायपुर नगर निगम के चैटबोर्ड का शुभारंभ भी किया।

इसके माध्यम से अब लोगों को ऑनलाइन संपत्ति कर जमा करने, नए नल कनेक्शन के लिए आवेदन देने, जमीन-खरीदी बिक्री जैसी सुविधाएं मिलेंगी।

## स्वतंत्र भारत का क्रांतिकारी निर्णय है तीन नए कानूनों पर अमल- साव

**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री तथा विधि एवं विधाई कार्यमंत्री अरुण साव रायपुर के नरदहा में आंजनेय विश्वविद्यालय द्वारा 'डिकोडिंग द चैलेंजेस ऑफ इंडियास न्यू क्रिमिनल लॉज' विषय पर आयोजित तीन दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेस के समापन समारोह में शामिल हुए। उन्होंने मुख्य अतिथि के रूप में समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि देश में तीन नए कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता पर अमल भारत सरकार का क्रांतिकारी निर्णय है। पुराने कानूनों में सुधार की जरूरत काफी लंबे समय से महसूस की जा रही थी, पर इन्हें बदलने देश के किसी भी सरकार ने हिम्मत और हौसला नहीं दिखाया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्र भारत का क्रांतिकारी निर्णय लेते हुए 1 जुलाई 2024 से नए कानूनों को देश में लागू कराया है। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कॉन्फ्रेंस में उत्कृष्ट शोध प्रस्तुत करने वाले शोधार्थियों और प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। विगत 2 अगस्त से प्रारंभ हुए इस राष्ट्रीय सम्मेलन में देश भर से आए कानूनी विशेषज्ञों, न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं, शिक्षाविदों और शोधार्थियों ने 'डिकोडिंग द चैलेंजेस ऑफ इंडियास न्यू क्रिमिनल लॉज' पर तीन दिनों तक मंथन किया। श्री साव ने 'डिकोडिंग द चैलेंजेस ऑफइंडियास न्यू क्रिमिनल लॉज' जैसे सामयिक और प्रासंगिक विषय पर राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के आयोजन के लिए आंजनेय विश्वविद्यालय परिवार को धन्यवाद और बधाई देते हुए कहा कि वर्तमान समय की जरूरत, नागरिकों को जल्दी न्याय दिलाने, शामिल करने तीन नए कानूनों को प्रभावशील किया गया है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950